● जयपुर, शनिवार, 15 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 287 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @4 जयपुर विकास प्राधिकरण ने 17 बीघा भूमि पर बस रही तीन अवैध नवीन ...

पेज @5 400 सीट के नारे में भाजपा का अहंकार झलक रहा था : पायलट...

पेज @8 सार्वजनिक निर्माण विभाग जोन प्रथम जयपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सीएम...

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय ट्रक और लॉरी में टक्कर, 6 की मौत

**अमरावती/एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में शुक्रवार को ओवरटेक के कारण ट्रक और लॉरी में टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है, जबकि 3 लोग घायल हैं।हादसा सुबह 5 बजे सीतानपल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग-216 पर हुआ। मृतकों में दोनों वाहनों के चालकों और 4 अन्य शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने बताया कि हादसा ओवरटेक करने के कारण हुआ। हादसे के बाद दोनों वाहनों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने बताया कि लकड़ी के ले ले जा रहे ट्रैक्टर को एक ट्रक ने ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी वह लॉरी से टकरा गया।हादसे के दौरान ट्रक में 10 लोग सवार थे, जबकि लॉरी में एक चालक और सहायक थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है।हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहे हैं। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### गोदाम में अग्निशमन यंत्र में गैस भरते समय भीषण धमाका, 1 व्यक्ति की मौत

**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार देर शाम अग्निशमन यंत्र में गैस भरते समय धमाका हो गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई।घटना राजाजीपुरम स्थित गैस गोदाम में हुई है। मृतक की पहचान 23 वर्षीय हर्षित यादव के रूप में हुई है, जो लखनऊ के ही फैजुल्लागंज में रहता था।पुलिस का कहना है कि घटना के बाद से गैस गोदाम का मालिक फरार है। पुलिस आगे की कार्यवाही करते हुए उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक यादव के भाई ज्ञानेंद्र का कहना है कि गैस गोदाम का मालिक समयसीमा पार कर चुके सिलेंडर को भरकर उनकी आपूर्ति करता था।

### 29 जून को दिल्ली में होगी जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक, बड़े उलटफेर के संकेत

**नईदिल्ली/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से बिहार की राजनीति में हलचल मची हुई है. मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यह खबरें भी आ रही थीं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हैं और कभी भी कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं. इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, 29 जून को नई दिल्ली में जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जा रही है. एनडीए की नई सरकार बनने के बाद यह पहली बार है जब जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हो रही है. इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है।

# जम्मू-कश्मीर से आतंकियों का किया जाएगा खात्मा, सरकार ने तैयार किया ब्लूप्रिंट

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर में हाल के दिनों में सिलसिलेवार आतंकी हमले हुए हैं. जिसे देखते हुए मोदी सरकार भी एक्शन के मोड में आ गई है. बताया जा रहा है कि आतंकियों के खात्मे के लिए अब मोदी सरकार ने ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है. दरअसल, घाटी में हुए सिलसिलेवार हमलों के बाद पीएम मोदी ने कई बैठकें की. इसके साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और अन्य अधिकारियों के साथ भी पीएम ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की. पीएम मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी इसपर चर्चा की है.

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आतंकवाद विरोधी क्षमताओं का पू-रा स्पेक्ट्रम तैनात करने को कहा है, जिसके बाद से आतंकियों के खिलाफ एक्शन प्लान में तेजी आएगी. एक आधिकारिक सूत्र के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा





## पीएम मोदी बोले-न छोड़ें कोई कसर

इस्तेमाल करने को कहा.₹ वहीं, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन ऑल आउट जारी है. सेना ने दावा किया है कि बड़ी बढ़त के साथ जल्द से जल्द आतंकियों का खात्मा किया जाएगा.

बता दें कि जम्मू कश्मीर में पिछले 4 दिनों में चार आतंकी हमले हुए हैं, जिसके बाद से घाटी में ऑपरेशन ऑल आउट को तेज कर दिया गया है. आतंकियों की तलाश में जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाकों और जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. सेना के अलावा पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्सेस भी इस ऑपरेशन में लगे हुए हैं. वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी फुल एक्शन में हैं.

अधिकारियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों से भी बात कर रहे हैं. खबर है कि पीएम ने गृह मंत्री शाह से भी मामले को लेकर बात की. साथ ही सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर भी चर्चा की है. जिसके बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी चर्चा की है. एलजी सिन्हा से घाटी के हालातों के बारे में पीएम को जानकारी दी है.

वहीं दूसरी ओर घाटी में बारिश और खराब मौसम के बीच भी सेना के जवान मोर्चे पर डटे हुए हैं. ड्रोन के जरिए आतंकियों की तलाश की जा रही है साथ ही सेना के जवान इस ऑपरेशन में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं. वहीं घाटी के कई जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षाबलों पर आतंकी हमलों की चेतावनी दी है, जिसे देखते हुए भद्रवाह, डोडा समेत कई जगहों पर सेना का कॉम्बिग ऑपरेशन चलाया जा रहा है. सेना के साथ-साथ जम्मू कश्मीर पुलिस भी आतंकियों की तलाश में जुटी है.

### अहंकार ने भाजपा को 241 सीटों पर रोक दिया

● भागवत के बाद इंद्रेश कुमार बोले



**नई दिल्ली/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही आ चुके हों, नई सरकार का गठन भी हो गया हो और मोदी 3.0 एक्शन मोड में भी हो, लेकिन अबतक चुनाव परिणामों पर बयानबाजियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं. खास तौर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान के बाद तो मानो राजनीतिक दलों को एक मुद्दा मिल गया है. भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन को लेकर अब विरोधियों के साथ-साथ आरएसएस की ओर से भी बड़े बयान सामने आ रहे हैं. मोहन भागवत के बयान के बाद अब आरएसएस सदस्य इंद्रेश कुमार के बयान ने सियासी हवा का रुख मोड़ दिया है. इंद्रेश कुमार ने लोकसभा चुनाव के नतीजों को राम राज्य का विधान बताया है. आरएसएस के वरिष्ठ सदस्य इंद्रेशकुमार ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी के प्रदर्शन को प्रभु श्रीराम का इंसाफ बताया है. उन्होंने कहा है कि जिस पार्टी ने भक्ति की, लेकिन अहंकारी हो गई, उसे चुनाव में 241 सीट मिलीं, इसी तरह जिस गठबंधन ने ही राम का विरोध किया वह भी 234 पर सिमट गया. ये राम राज्य का विधान है. यही नहीं इंद्रेश कुमार ने बीजेपी को लेकर कहा कि अहंकार किसी का भी नहीं टिका है तो फिर किसी राजनीतिक दल की क्या बिसात है. लोकतंत्र में राम राज्य का विधान देखिए राम की भक्ति तो की लेकिन धीरे-धीरे अहंकारी हो गए, सबसे बड़ी पार्टी बने जरूर लेकिन बहुमत नहीं मिला, जो वोट की ताकत मिलना चाहिए थी उस पर अहंकार की चोट भारी पड़ गई.

## सुबह-सुबह कांपी हिमाचल प्रदेश की धरती

### कुल्लू में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**शिमला/एजेंसी।**



शुक्रवार तड़के पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भूकंत के तेज झटके महसूस किए गए. जिससे लोग सहम गए. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, 14 जून की सुबह 3.39 बजे हिमाचल प्रदेश के कुल्लु में भूकंप के झटके महसूस किए गए. इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.0 मापी गई. इस भूकंप से अभी तक कि-सी भी तरह के जान या माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. ये भूकंप तक आया जब लोग गहरी नींद सोए हुए थे. जिसके चलते लोगों को भूकंप का अहसास नहीं हुआ. हालांकि जब उन्हें भूकं आने की बात पता चली तो लोग सहम गए.

बता दें कि इससे पहले राजस्थान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. दरअसल, राजस्थान के सीकर में 8 जून को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई थी. ये भूकंप देर रात आया. भूकंप के ये झटके करीब 10 सेकंड तक महसूस किए गए थे. भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से राज्य में कहीं कोई जान या माल का नुकसान नहीं हुआ था. लेकिन इस भूकंप ने एक बार फिर से लोगों को परेशान कर दिया. सीकर में आए भूकंप के महज 6 दिन बाद अब हिमाचल की धरती कांप गई.

बता दें कि हमारी धरती कई परतों से मिलकर बनी हुई है. जिसके भीतर हमेशा उथल-पुथल मची रहती है. धरती के अंदर मौजूद टैक्टोनिक प्लेट लगातार आपस में टकराती रहती हैं. इस दौरान वह इधर से उधर खिसक जाती हैं. टैक्टोनिक प्लेटों के इधर से उधर खिसकने से ऊर्जा निकलती है. जब इस ऊर्जा को बाहर निकलने की जगह नहीं मिलती तो ये ऊपर की ओर आती है. जिससे धरती में कंपन्न पैदा होता है.

जिससे कई स्थानों पर धरती हिलने लगती है. धरती के इसी हिलने को भूकंप कहा जाता है. बता दें कि भूकंप की दृष्टि से बारत को पांच सिस्मिक जोन में विभाजित किया गया है. भूकंप से सबसे ज्यादा खतरा सिस्मिक जोन-5 में आने वाले क्षेत्रों को होता है. जिसमें हिमालय के आसपास का ज्यादातर इलाका और राज्य शामिल हैं. हिमाचल प्रदेश का ज्यादातर क्षेत्र भूकंप के लिहाज से सिस्मिक ज़ोन 4 और 5 में आता है.

### संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगा, पहले दिन पेश होगा बजट

**नई दिल्ली/एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र की संभावित तारीख सामने आ गई है। लोकसभा और राज्यसभा में सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगा।खबर है कि मानसून सत्र के पहले दिन ही नवनिर्वाचित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना पूर्ण बजट पेश करेगी।वित्त मंत्रालय 17 जून तक विभिन्न मंत्रालयों और हितधारकों के साथ अपनी पूर्व-परामर्श बजट बैठकें शुरू कर देगा। इस दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा भी होगी।

मानसून सत्र से पहले 18वीं लोकसभा का संसद सत्र 24 जून को शुरू होगा, जो 3 जुलाई तक चलेगा।इस 8 दिवसीय विशेष सत्र के दौरान लोकसभा चुनाव में जीतकर आए नवनिर्वाचित सांसदों को 24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर शपथ दिलाएंगे।शपथ ग्रहण के बाद 26 को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। अध्यक्ष पद को लेकर एनडीए में शामिल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भाजपा में अभी सहमति नहीं दिख रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले 1 फरवरी को भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया था।इस दौरान पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताया गया था।वित्त मंत्री ने कहा था कि सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं और सबसे गरीब परिवारों को प्राथमिकता दे रही है।

### गर्मी झेल रहे उत्तर भारत के कुछ राज्यों में 18 से बारिश, दिल्ली में थोड़ा इंतजार

**नईदिल्ली/एजेंसी।** मानसून का इंतजार कर रहे उत्तर भारत के राज्यों के लिए राहत की खबर है। यहां 18 जून के बाद मानसून पूर्व बारिश शुरू हो सकती है। पूरी तरह मानसून 22 जून के बाद पहुंच जाएगा।भारतीय मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 20 जून से बारिश हो सकती है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और पहाड़ी क्षेत्रों में भी 22 जून से बारिश की संभावना है।

दिल्ली और आसपास के इलाकों में गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है। गुरुवार को यहां अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 33.3 डिग्री था।मौसम विभाग का कहना है कि 19 जून तक ऐसा ही मौसम रहेगा और गर्म हवाएं चलेंगी। 20 जून को हल्की बारिश की संभावना है।दिल्ली में 25 जून के बाद मानसून पूर्व बारिश शुरू हो जाएगी, 1 जुलाई से पहले मानसून छा जाएगा।

**मृतकों में इंजीनियर-ड्राइवर शामिल**

# कुवैत अग्निकांड में मरने वाले 45 भारतीयों के शव लेकर कोच्चि पहुंचा एयरफोर्स का विमान

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

कुवैत के मंगाफ में एक इमारत में लगी भीषण आग में 45 भारतीयों समेत 49 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में इंजीनियर, अकउंटेंट और ड्राइवर समेत कई ऐसे लोग हैं, जो सालों से कुवैत में काम कर रहे थे।मृतकों में सबसे ज्यादा 23 केरल के, 7 तमिलनाडु के, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के 2-2 और बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के एक-एक लोग शामिल हैं।

कुवैत से मृतकों के शवों को लेकर भारतीय वायुसेना का विशेष विमान सी-130जे भारत पहुंच चुका है। इसमें विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी सवार हैं।वे घायलों का हालचाल जानने और शवों की शीघ्र वापसी के लिए बीते दिन ही कुवैत गए थे।ये विमान केरल के कोच्चि में सुबह करीब 11 बजे उतरा, क्योंकि मृतकों में ज्यादातर केरल के हैं। इसके बाद बाकी शवों को लेकर विमान दिल्ली जाएगा।

कुवैत ने मृतकों की सूची जारी की है। इसमें 45 भारतीयों के नाम हैं।23 साल के आकाश एस नायर पंडालम से थे और



वह पिछले 6 सालों से कुवैत में रहते थे।एक अन्य मृतक श्रीहरि प्रदीप चंगनास्सेरी के रहने वाले मैकेनिकल इंजीनियर थे। उनके पिता भी कुवैत में काम करते हैं।लुकोस नामक एक अन्य शख्स पिछले 18 सालों से कुवैत में काम कर रहे थे। उनके 2 बच्चे हैं।

अमरुद्दीन शमीरः वह कोल्लम पोयापल्ली से थे और कुवैत में ड्राइवर थे।स्टेफिन अब्राहम सबूः पेशे से इंजीनियर थे और कोट्टायम के रहने वाले थे।केआर रंजीतः कुवैत में 10 सालों से रह रहे थे और स्टोर कीपर थे।केलू पोनमलेरीः प्रोडक्शन इंजीनियर थे। अपने पीछे 2 बे-टे छोड़ गए हैं।पीवी मुरलीधरणः कुवैत में पिछले 30 सालों से रह रहे थे। एक कंपनी में सीनियर सुपरवाइजर थे।साजन जॉर्जः केमिकल इंजीनियर थे।

हादसे की शुरुआती जांच में कई बड़ी खामियों निकलकर आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 7 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर 2 दर्जन गैस सिलेंडर, कागज, कार्डबोर्ड और प्लास्टिक जैसा सामान रखा हुआ था, जिससे आग तेजी से फैल गई।छत पर भी ताला लगा हुआ था, जिससे लोगों को भागने की कोई जगह नहीं मिली। इमारत में क्षमता से कई गुना ज्यादा लोग रह रहे थे। अभी तक आधिकारिक तौर पर आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ग्राउंड फ्लोर पर शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी और धीरे-धीरे पूरी इमारत में फैल गई।इस इमारत को एनबीटीसी समूह ने किराए पर लिया था, जहां कंपनी से जुड़े करीब 196 लोग रहते थे। मृतकों में भारतीयों के अलावा पाकिस्तान, नेपाल और मिस्त्र के भी कुछ लोग हैं।

# डॉ. भागवत का शाब्दिक प्रहार और आत्ममंथन के लिए एक 'दृष्टिपथ'

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, आधुनिक युग में एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जो हमेशा बिना किसी लाग लपेट के स्पष्ट बात कहते हैं। आप हमेशा उनकी बातों में जीवन के सूत्र पाएंगे या दिशा बोध या दृष्टिपथ। यह अलग बात है कि जिनको नहीं समझना है, या जिनका काम ही वितंडावाद खड़ा करना है, वह हमेशा उनके वक्तव्य को साजिशन नहीं समझते और भ्रम फैलाने का असफल प्रयास करते हैं। पर चूंकि मोहन भागवत एक डॉक्टर हैं तो वह समाज जीवन में व्याप्त रोग की शल्य चिकित्सा अपने सधे हुए शब्दों से कर अपने युगीन कर्तव्य का निर्वहन करते हैं और यही संघ से अपेक्षित है। नागपुर में कार्यकर्ता विकास शिविर में समापन के अवसर पर डॉ. भागवत ने भारतीय राजनीति की वर्तमान स्थिति पर निर्ममता के साथ शाब्दिक प्रहार किए और संघ की भूमिका को फिर एक बार स्पष्टता के साथ रखा।

डॉ. भागवत ने देश और देश के बाहर भी आज मानवीय सभ्यता के लिए जो चुनौतियां हैं, उसका जिक्र किया और स्वयंसेवकों से संघ की अपेक्षा क्या है, यह भी रखा। देश के समाज वैज्ञानिक, शोधार्थी, अध्येता, राजनेता चाहें तो लगभग उनके 50 मिनट के भाषण से एक साथ कई सूत्र पा सकते हैं। अच्छा हो डॉ. भागवत के संबोधन के एक-एक शब्द को देश के अकादमिक संस्थानों में ध्यान से सुना जाए, ताकि एक दृष्टिपथ तैयार हो सके। पर हमेशा की तरह फिर एक बार उनके वक्तव्य को बेहद सीमित अर्थ में एवं दिशा विहीन समझा जा रहा है। देश के वामी एक विमर्श खड़ा कर रहे हैं कि डॉ. भागवत ने भाजपा नेतृत्व को निशाने पर लिया है। संघ और भाजपा में अब दूरी और बढ़ गई है। अरे! अक्ल के दुश्मनो अव्वल यह स्थिति है नहीं और आपकी खुशी के लिए मान लें तो तुम्हारा क्या फायदा है?

आइए, समझते हैं डॉ. भागवत ने कहा क्या है? डॉ. भागवत ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रसंग है। पर अब चुनाव हो गए। सरकार बन गई। परिणामों पर लंबी चर्चा का कोई परिणाम नहीं आने वाला। इसमें क्या गलत कहा है? वह यह भी कहते हैं संघ का कार्य लोकमत परिष्कार है और वह यह करता रहा है, आगे भी करेगा। डॉ. भागवत ने तीखी नाराजगी के साथ यह कहा कि चुनाव में संघ के नाम को बेवजह घसीटा गया। तकनीक का सहारा लेकर भ्रामक प्रचार किए गए। कौन नहीं जानता, देश की राजधानी दिल्ली में संघ के लैटरपैड कूटरचित बनाए गए और भाजपा के उम्मीदवार के खिलाफ मतदान करने की अपील जारी की गई। क्या यह गंभीर अपराध नहीं है? संघ अपने स्थापना काल से किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष में मतदान के लिए संगठन के स्तर पर सक्रिय नहीं होता। संघ के स्वयंसेवक देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को समाज को समझाते हुए राष्ट्र हित में 100 प्रतिशत मतदान का आव्हान अवशय करते हैं। संघ से प्रेरणा लेकर पहले जनसंघ में और अब भाजपा में कई स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं, स्वाभाविक है, इसका लाभ भाजपा को मिलता रहा है, पर संघ स्वयं इसका श्रेय लेता नहीं। इसलिए स्वाभाविक है भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी जो कहा वह अनपेक्षित था, अवांछनीय था। वे (भाजपा) पहले कितने छोटे थे, अब कितने बड़े हो गए, परिणाम बता रहे हैं।

डॉ. भागवत ने बेहद संतुलित शब्दों में भारतीय राजनीति में पक्ष एवं विपक्ष पर अपनी बात रखी। क्या यह सही नहीं है, आरोप-प्रत्यारोप का स्तर बेहद निकृष्ट हो चला है। आपने कहा कि विरोधी शब्द से ही वह असहमत हैं। इसके स्थान पर प्रतिपक्ष होना चाहिए। संसद सहमति का केन्द्र बने। बहुमत से देश के निर्णय होंगे यह सच है, पर असहमति का मान भी रखा जाए। क्या भारत के राजनीतिक दलों को इसका संज्ञान लेकर आगे नहीं बढ़ना चाहिए? डॉ. भागवत ने विगत एक दशक में देश ने आर्थिक, सामरिक, वैश्विक, कला, खेल सहित प्रत्येक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों को सराहा, साथ ही जो चुनौतियां हैं उनका भी जिक्र किया। मणिपुर का जिक्र इसमें उल्लेखनीय है। मणिपुर अशांत क्यों है, उसका समाधान प्राथमिकता से करें, इस बयान को केन्द्र सरकार के खिलाफ बताने वाले, यह सुनना शायद भूल गए कि यह आग लगी या लगाई गई? डॉ. भागवत न सरकार का बचाव कर रहे थे, न ही प्रतिपक्ष की पीठ थपथपा रहे थे। वह एक सच को प्रस्तुत कर रहे थे।

डॉ. भागवत ने प्रकृति के असीमित दोहन से उपजे संकट, अस्पृशयता, मतांतरण सहित आसन्न चुनौतियों और खतरों की बात की। संघ को सिर्फ पूजा पद्धति के आधार पर ईसाई या मुस्लिम समाज को शत्रु बताने वाले डॉ. भागवत के वक्तव्य को कान में तेल डाल कर सुनें। वह कहते हैं, देश सबका है। पुराने घावों को अब याद नहीं करते रहना है। पर साथ ही हम ही सही हैं, हमारा विचार ही सही है, इस विकृति से बचना है और समाज को स्वयं शक्तिशाली बनना होगा। और इसके लिए मन, बुद्धि एवं शरीर का व्यायाम करने का स्थान शाखा है ताकि सहचित्त का निर्माण हो। डॉ. भागवत ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक अनुशासन स्व आधारित चिंतन एवं कुंटुम्ब प्रबोधन का स्वयंसेवकों को संदेश देते हुए कहा कि हमें राष्ट्र निर्माण के कार्य में सामूहिक भाव से रत होना है। अहंकार से दूर रहना है। सबकुछ मैं ही कर रहा हूं, इस भाव से दूर रहना है। इसमें क्या गलत है? क्या अहंकार का रोग सिर्फ सत्ता के प्रतिष्ठानों में ही है ? उनमें है तो यह संदेश उनके लिए भी हो सकता है पर समाज जीवन में कार्यरत प्रत्येक संगठन और उसका एक-एक कार्यकर्ता स्वयं का मूल्यांकन करे तो डॉ. भागवत का उद्बोधन उनके लिए प्रेरक होगा।

# 'इंडिया' की आंखों से भारत को मत देखिए!



प्रो. संजय द्विवेदी

आजकल राष्ट्रीयता, भारतीयता, राष्ट्रत्व और राष्ट्रवाद जैसे शब्द चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीयता पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर यह क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी,भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रीयता का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है, जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' कहकर संबोधित किया।

यह 'वसुधैव कुटुम्बकम' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतबोध को समझना है। यह भाव ही मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है। हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानवतावादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित हैं। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव करता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रीयता दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित थी। एक विद्वान कहते हैं राजा राज्य बनाते हैं, राष्ट्र ऋषि बनाते हैं। वही भारतबोध इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ, वह बात हैरत में डालती है।



आप देखें तो भगवान बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार,नवचेतन था, जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढ़कर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है। सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं।

मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही हमारी राष्ट्रीयता का लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पध्दति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रीयता सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति के विचार से अनुप्राणित है।

भारतीय संदर्भ में भारतबोध को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- " संतों को सीकरी से क्या काम" और फिर कहता है " कोई नृप होय हमें क्या हानि"। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड-खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रीयता में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने-जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे।

इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी- इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज- बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे। भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है। इसीलिए तमाम धाराएं, विचार,वाद और पंथ इस देश की हवा-मिट्टी में आए और अपना पुर्नअविष्कार किया, नया रूप लिया और एकमेक हो गए। भारतीयता हमारे राष्ट्र का अनिवार्य तत्व है। भारतीयता के माने ही है स्वीकार। दूसरों को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रमण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली,विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोक तत्वों को आदर देना ही यहां भारतबोध है। इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति जगह पाती है।

यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्याग कर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है। संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है। यहां सत्ता विचारों से, कार्यों से और आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है। वैसे भी भारतीय समाज एक सत्ता निरपेक्ष समाज है। वह सत्ताओं की परवाह न करने वाला स्वाभिमानी समाज है। इसलिए उसने जीवन की एक अलग शैली विकसित की है, जो उसके भारतबोध ने उसे दी है। यही स्वाभिमान एक नागरिक का भी है और राष्ट्र का भी। इसलिए वह अपने अध्यात्म के पास जाता है, अपने लोक के पास जाता है और सत्ता या राज्य के चमकीले स्वप्न उसे रास नहीं आते। इसी राष्ट्र तत्व को खोजते हुए राजपुत्र सत्ता को छोड़कर वनों, जंगलों में जाते रहे हैं, ज्ञान की खोज में,सत्य की खोज में, लोक के साथ सातत्य और संवाद के लिए। राम हों, कृष्ण हों, शिव हों, बुद्ध हों, महावीर हों- सब राजपुत्र हैं, संप्रुभ हैं और सब राज के साथ समाज को भी साधते हैं और अपनी सार्थकता साबित करते हैं। इसलिए हमारी राष्ट्रीयता की अलग कथा है, उसे पश्चिमी पैमानों से नापना गलत होगा। आज इस वक्त जब भारतीयता की अनाप-शनाप व्याख्या हो रही है, हमें ठहरकर सोचना होगा कि क्या सच में हममें अपने राष्ट्र की थोड़ी भी समझ बची है? 'भारत' को 'इंडिया' की आंखों से देखने से हमें वही दिखाई देगा ,जो सत्य से बहुत दूर होगा। आइए हम भारत की आंखों से ही भारत को देखने का अभ्यास करें।

**(लेखक, भारतीय जनसंचार संस्थान नयी दिल्ली के पूर्व महानिदेशक हैं।)**

# नीट अभ्यर्थियों को इंसाफ कब मिलेगा मीलार्ड?



मनोज कुमार अग्रवाल

देश की सबसे बड़ी और कठिन प्रवेश परीक्षा नीट में गड़बड़ी के आरोपों के चलते परीक्षा की शुचिता सवालों के घेरे में हैं। स्नातक स्तर की राष्ट्रीय चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के परिणाम में गड़बड़ी पर हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा। मामला उच्चतम न्यायालय तक भी पहुंचा और अब न्यायालय ने उन विद्यार्थियों की पुनः प्रवेश परीक्षा कराने को कहा है, जिन्हें ग्रेस मार्क दिए गए हैं। यदि वे पुनः परीक्षा देने से बचना चाहें तो उनके ग्रेस मार्क हटा दिए जाएंगे। हालांकि सरकार अब भी सफाई दे रही है कि परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

लेकिन गौर तलब तथ्य यह है कि इस परीक्षा में व्यापक गड़बड़ी होने के कई तथ्य प्रकाश में आए हैं जिनके आधार पर परीक्षा आयोजन के दौरान पेपर आउट होने और बड़े पैमाने पर परीक्षा में गड़बड़ी होने की आशंका के पर्याप्त आधार है। पटना में दर्ज एफआईआर और जांच में दर्ज बयान इस सच्चाई को चीख चीख कर कह रहे हैं कि नीट 2024 का पेपर आउट हो गया था। लेकिन पिछले कुछ दिनों में पेपर लीक की की घटनाएं सामने आने से पहले ही कई राज्यों में किरकिरी करा चुकी सरकार इस बार हर कीमत पर पेपर लीक की बात को नकार कर येन-केन-प्रकारेण मामले को मैनेज करने के लिए कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में तीन दिन पहले ही पद संभालने वाले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि न पेपर लीक हुआ, न कोई अन्य गड़बड़ी हुई, फिर भी हम जांच कर रहे हैं, किसी अभ्यर्थी से अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।उनका यह बयान खुद ही की सवाल खड़े करता है जब जांच से पहले ही वह कह रहे हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है फिर जांच का नतीजा कैसे सही होगा?

नीट में देशभर से लगभग 24 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क दिए गए। क्यों? नीट आयोजित करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि कुछ केंद्रों पर गलती से दूसरा पेपर बंट गया था, उसे वापस लेकर सही पेपर बांटने में कुछ समय लग गया था। अभ्यर्थियों को इस तरह समय खराब होने से कोई नुकसान न हो, इसलिए उन केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कुछ अंक कृपा के तौर पर दिए गए हैं। देशभर में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का आरोप था कि नीट में गड़बड़ी हुई और कुछ अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक दे दिए गए, जिससे वे टॉपर बन गए। इस बार रिकॉर्ड 67 अभ्यर्थियों के अंक 720 में से 720 आए हैं, इस पर भी बवाल मचा हुआ है कि आखिर इतने बच्चे एक साथ शत-प्रतिशत अंक कैसे पा सकते हैं? कृपांक भी कितने दिए गए थे 10, 20 या 30 अंक नहीं, बल्कि 100 से 150 अंक तक दे दिए गए थे। ऐसी परीक्षा में 100-150 नंबर की खैरात बांटने से वे अभ्यर्थी मेरिट में आ गए, जो असली नंबरों के सहारे बहुत पीछे रह जाते और जो मेरिट में आने चाहिए थे, वे अभ्यर्थी पिछड़ गए। ऐसी मनमानी पर तो हंगामा होना ही था। सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि विवाद केवल कृपांक पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों पर है। इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि 23 जून को उनकी पुनः परीक्षा आयोजित की जाए। जिसे अपने टॉपर होने का भरोसा है, वह परीक्षा में बैठ जाए, जो परीक्षा में नहीं बैठना चाहता, वह उन अंकों के आधार पर काउंसिलिंग में शामिल हो सकता है, जो उसे परीक्षा में मिले थे यानी इसमें कृपांक नहीं जोड़े जाएंगे।एनटीए सिर्फ 1563 छात्रों की दोबारा परीक्षा पर माननीय अदालत की सहमति लेकर पूरी गड़बड़ी पर परदा डालने की कोशिश कर रही है और इस में कामयाब भी हो रहा है जबकि मुख्य मामला सिर्फ कृपांक देने का नहीं है बल्कि पूरे परीक्षा में पेपर लीक होने नकल होने व व्यापक गड़बड़ी घोटाला करने का है उस पर माननीय कोर्ट भी सख्त नही है और जांच के लिए कोई कदम उठाने का निर्देश नहीं दिया है ऐसे में चौबीस लाख बच्चों को न्याय मिलेगा इस मे संदेश है। सरकार के शिक्षा मंत्री के बयान से भी संकेत मिलता है कि सरकार इस मामले में पर्याप्त संवेदनशील नहीं है और पेपर लीक होने व गड़बड़ी होने को अपनी नाकामी व बदनामी मान रही है जबकि प्राथमिकता बच्चों को न्याय देना होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं है।

24 लाख अभ्यर्थी एक बड़ी संख्या है। ये युवा दो से चार पांच साल तक विभिन्न कोचिंग और घर पर कड़ी मेहनत अध्ययन कर तैयारी करते हैं ताकि चिकित्सा की पढ़ाई में उनका दाखिला हो जाए और वे एक योग्य डॉक्टर बनने का अपना और अपने माता-पिता का सपना पूरा कर सकें। यह बात राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में बैठे अधिकारियों को भी पता है और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों भी अवगत है । बावजूद इसके इस तरह की राष्ट्रीय परीक्षा में इतनी बड़ी गफलत कैसे हो सकती है? इस पर उठा विवाद इसलिए भी सही प्रतीत होता है क्योंकि गुजरात की एक लड़की इस परीक्षा में 705 अंक लाई है, जबकि 12वीं की परीक्षा में वह फिजिक्स और केमिस्ट्री में पास भी नहीं हो पाई थी। सवाल उठना ही था कि जो 12वीं की परीक्षा पास नहीं कर पा रही, वह नीट जैसी कठिन परीक्षा में इतने अंक कैसे ला सकती है? परीक्षा में 13 लाख अभ्यर्थी पास हुए, 11 लाख असफल रहे। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि परीक्षा कितनी कठिन रही होगी। दूसरा मामला यह था कि एक ही परीक्षा केंद्र के 8 अभ्यर्थियों के शत-प्रतिशत अंक आए हैं। इस बार एक ही परीक्षा केंद्र से इतने टॉपर कैसे? यह मामला केवल नीट तक सीमित नहीं है, अन्य प्रति योगी परीक्षाओं पर भी इसी तरह के सवाल उठते हैं, उनके पेपर लीक हो जाते हैं, उनमें संधली होती है। बाद में जांच के नाम पर खानापूर्ति हो जाती है। कहीं कहीं नकल तो कहीं सीधे घूस देकर मंत्री के इशारे पर भर्तियां । ऐसे घोटालों का युवाओं के मानसिक स्वास्थ्यपर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है, अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। इसके लिए कुछ उठाने होंगे कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ न हो पाए।

मौजूदा नीट के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अभ्यर्थियों की याचिका पर पहल तो की है लेकिन बहुत दबे पांव से।एक ओर माननीय न्यायालय ने एनटीए से जबाव मांगा है और अगली सुनवाई 8 जुलाई को एक महीने का समय दिया है और काउंसिलिंग प्रक्रिया पर कोई रोक नहीं लगाई है ऐसे में समझा जा सकता है कि प्रतिभा शाली योग्य अभ्यर्थियों पर क्या बीत रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवेश प्रक्रिया पर कोई स्टे नहीं किया है। ऐसे हालात में जब कोई सक्षम जांच एजेंसी को भी इस परीक्षा में गड़बड़ी की जांच के लिए दायित्व नहीं सौंपा गया है तो एनटीए के जबाव से समस्या हल होने वाली नही है। सवाल यह है कि नीट पेपर लीक हुआ या नहीं? इस की जांच सीबीआई या समकक्ष जांच एजेंसी से करानी चाहिए। क्या माननीय न्यायालय इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं कि लापरवाही या गड़बड़ी करने वाला संस्थान अपनी गड़बड़ी या गलती को स्वयं अदालत के सामने रखेगा? आज कल डिजिटल युग में जहां तमाम रिकॉर्ड आनलाइन कंप्यूटर पर मौजूद है जबाव के लिए एनटीए को एक माह का समय देना स्वयं में एक सवाल है। कैमिस्ट्री और फिजिक्स में एक दो नंबर लाने वाले अभ्यर्थी के नीट में 705 अंक और एक ही परीक्षा केंद्र में आठ बच्चों के फुल मार्क्स आना बड़ा घोटाला और गड़बड़ी का साफ प्रमाण है। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इस मामले की रोजाना सुनवाई कर दूध का दूध पानी का पानी करना चाहिए। सरकार को नाक का बाल न बना कर तत्काल इस परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा करानी चाहिए ताकि कई कई साल से तैयारी में जुटे बच्चों को न्याय मिले।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# घाटी के स्कूलों में 'जन गण मन' गान से कुछ नहीं होगा, भाव भी जगाने होंगे



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

जम्मू-कश्मीर में अब सभी स्कूलों के लिए राष्ट्रगान गाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बाद कहना होगा कि यहां अब घाटी के भी हर स्कूल में राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाया जाएगा। सबसे पहले तो इस पहल के लिए वर्तमान नेतृत्व को धन्यवाद है कि 'एक भारत और श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में यह सबसे बड़ा कदम विद्यालयीन स्तर पर उठाया गया है। वस्तुतः इसे सबसे बड़ा कदम क्यों कहा जा रहा है? हो सकता है किसी को इस संबंध में कोई संदेह हो। किंतु यह है तो राज्य सरकार का सबसे बड़ा कदम ही। क्योंकि जिन बच्चों के माध्यम से भविष्य में विकसित राज्य की जो नींव खड़ी होती है, उनमें विचारों का ही सबसे अधिक महत्व है। यदि यह विचार अलगाव से पूर्ण होंगे तो हिंसा का करण बनेंगे और यदि यही विचार राष्टीय एकत्व एवं अपने आसपास के वातावरण को बेहतर बनाने तथा अपने देश की एकात्मता का अनुभव करेंगे तो किसी भी देश को सशक्त बनाने का कारण बनते हैं।

भारत के संदर्भ में विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी घाटी क्षेत्र के बारे में यह सर्वविदित है कि अलगाववादी, आतंकवादी, जिहादी, एक वर्ग विशेष तक सीमित मानसिकता, इस्लाम के शासन एवं खलीफा की पुनर्स्थापना जैसे एकल विचारों तथा इसके लिए जहां जरूरी हो, वहां हिंसा करते रहने की मानसिकता, यहां लम्बे समय से चली आ रही है। सनातन हिन्दू धर्म को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने का कार्य यदि संपूर्ण जम्मू-कश्मीर राज्य में हुआ है तो वह यही घाटी क्षेत्र है। हिन्दुत्व एवं सनातन धर्म के प्रति यहां बहुसंख्यक मुसलमानों में इतनी अधिक नफरत व्याप्त रहती आई है कि जम्मू-कश्मीर की मूल संस्कृति के संस्थापक पंडितों को अपने बीच के कई नरसंहारों एवं एकल मौतों के बाद घाटी से पलायन करने के लिए मजबूर हो जाना पड़ा था। जिसमें कि जान बचाने के लिए वे कई करोड़ की अपनी संपत्ति, बाग, बगीचे, केशर के उद्यान आदि सब कुछ छोड़ने के लिए विवश हुए।

हिन्दू लड़कियों से बलात्कार, सरे आम उन्हें उठा ले जाना, गैर मुसलमानों को गाली देना, अपमानित करना और उनके साथ हिंसक व्यवहार करते हुए इस्लामिक साम्राज्य की स्थापना के स्वप्न देखना जैसे यहां की दिनचर्या का एक आम हिस्सा हो चुका था। 1990 में घाटी से कश्मीरी पंडितों का सबसे अधिक पलायन हुआ। सरकारी आंकड़े के मुताबिक इस साल यानी 1990 में 219 कश्मीरी पंडित हमले में मारे गए थे जिसके बाद बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों का पलायन शुरू हुआ। एक अनुमान के मुताबिक जनवरी और मार्च 1990 के बीच 1 लाख 40 हजार से अधिक कश्मीरी पंडित घाटी छोड़कर जाने को मजबूर हुए। साल 2011 में सरकार के अनुमान के मुताबिक घाटी में करीब 2700 से 3400 पंडित थे। कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति के अनुसार, जनवरी 1990 में घाटी के भीतर 75,343 परिवार थे। 1990 और 1992 के बीच 70,000 से ज्यादा परिवारों ने घाटी को छोड़ दिया। 1941 में कश्मीरी हिंदुओं का आबादी में हिस्सा 15% था और 1991 आते-आते हिस्सेदारी आधे प्रतिशत से भी कम हो गई थी, जिसके बाद हिंसक घटनाओं के दौर ने तो इसे आगे 99 प्रतिशत से भी अधिक कम कर दिया था। गृह मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर में 1990 से लेकर 2020 तक 31 सालों में 13 हजार 821 आम नागरिकों को आतंकियों ने मार दिया। वहीं, सुरक्षाबलों ने अपने 5 हजार 359 जवान खोए हैं। इन्हीं 31 सालों में 25 हजार 133 आतंकी भी ढेर किए गए हैं। बीते चार सालों में भी लगभग 100 से अधिक हमले आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए, संयोग देखिए कि सभी आतंकी इस्लाम को माननेवाले हैं।

यहां बात सिर्फ कश्मीरी पंडितों की ही नहीं है, पंजाबी, ईसाई एवं अन्य गैर मुसलमानों की संख्या भी लगातार इसलिए घटी, क्योंकि वह भी घाटी में हिंसा के शिकार बनाए जा रहे थे, वह तो अच्छा हुआ कि मोदी सरकार ने यहां से अनुच्छेद 370 हटा दिया और जिन्हें कई वर्षों से उनके मौलिक अधिकार भी नहीं मिले थे, वह एक समान भारतवासी होने के नाते मिलना आरंभ हो गए, किंतु फिर भी आतंकवादी घटनाएं कम तो हुई पर समाप्त नहीं हो सकी हैं। अभी हाल ही में रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमले में दस लोगों की मौत हो गई। मारे गए सभी जन हिन्दू थे और यह इस्लामिक आतंकवादी अटैक उन पर सिर्फ इसलिए ही हुआ था क्योंकि वह हिन्दू थे।

वस्तुतः जब इसकी गहराई में जाते हैं तो ध्यान में आता है कि देश भक्ति का भाव भर देनेवाली गतिविधियों की जो कमी घाटी में सदा से रहती आई है, यह भी एक अलगाववाद का बड़ा कारण रहा है। क्योंकि बाल मन में जब हिंसा और नफरत की शिक्षा ही देते रहने का काम होता रहेगा तो वह बच्चा जब बड़ा होगा तब सिर्फ पत्थर फेंकने और सामनेवाले दूसरे मजहब के लोगों से नफरत ही करेगा, उससे कैसे भाईचारे और प्रेम की उम्मीद की जा सकती है? जब अंदर दूसरे के प्रति वह भाव है ही नहीं। ऐसे में आज इस बात की सबसे अधिक जरूरत है कि भारत भक्ति का भाव यहां के प्रत्येक "बाल मन" में भरा जाए और उसके लिए राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत से अच्छा अन्य कोई उदाहरण हो ही नहीं सकता है।

यह बात सच है कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सर्कुलर जारी करके हर स्कूल में सुबह की सभा की शुरुआत राष्ट्रगान से करने के लिए कहा है और सुबह की यह सभा में प्रार्थना करना अनिवार्य किया गया है। अपने सर्कुलर में यह स्पष्टीकरण भी दे दिया है कि प्रार्थना सभा छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करती है। इससे नैतिकता, समाज में एकता, और मानसिक शांति को बढ़ावा मिलता है और इसलिए यह निर्देश सभी स्कूलों में समान रूप से लागू होंगे। किंतु इसके साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि भाव बिना सब व्यर्थ है। क्या हमारे बच्चे "जन गण मन" के भाव से भी परिचित हैं? वास्तव में एक शिक्षक के रूप में प्रत्येक शिक्षक का यह दायित्व है कि वह पहले अपने स्कूली बच्चों को यह अवशय बताएं कि सुबह की प्रार्थना एवं राष्ट्रगान का मूल भाव क्या है। बच्चे इस बारे में कितना जानते हैं। ऐसे ही हर बार विवादों में घेरने का प्रयास राष्ट्रगीत "वन्देमातरम" को लेकर भी होता हुआ खासकर अल्पसंख्यकों में मुसलमानों के बीच जरूर देखने को मिलता है। "वन्देमातरम्" का विरोध करनेवालों का प्रायः यही तर्क रहता है कि उनका मजहब किसी देवी स्वरूप की प्रार्थना करने की इजाजत नहीं देता। किंतु यही इस्लाम के लोग भूल जाते हैं कि वह जो अपने घरों में तमाम चित्र मजहब से जुड़े लगाते हैं, उसका क्या अर्थ है? वह भी तो तस्वीर लगाकर उस स्थान एवं शब्दों को पूज रहे हैं! फिर मृत्यु पश्चात भी इसी हिंद की जमीन में दफन होना है, ऐसे में जो तर्क "वन्देमातरम" नहीं गाने के समर्थन में तथाकथित मुसलमानों द्वारा दिए जाते हैं, उसकी तार्किकता समझ नहीं आती है। इसलिए आज यह जरूरी हो जाता है कि "जन गण मन" एवं "वन्देमारत्" के भावार्थ भी हम अपने बच्चों को बताएं। तभी उनके ह्रदयों में और मतिष्क में एक राष्ट्र का भाव जाग्रत कर सकेंगे। "जन गण मन" से जब शुरुआत हो ही रही है तो इसके अर्थ को भी यहां सभी ह्दय से अंगीकार करेंगे। इस गान का मुख्य भाव यही है कि जन गण मन के उस अधिनायक की जय हो, जो भारत के भाग्यविधाता हैं! यानी कि हम सभी भारतवासी की जय करने की बात यहां कही गई है। आगे बताया गया कि उनका नाम सुनते ही पंजाब, सिन्ध, गुजरात और मराठा, द्राविड़, उत्कल व बंगाल एवं विन्ध्या हिमाचल, यमुना और गंगा पर बसे लोगों के हृदयों में मचलती मनमोहक तरंगें भर उठती हैं। फिर कहा गया कि सब तेरे (भारत) पवित्र नाम पर जाग उठते हैं, सब तेरे (हिन्दुस्थान) पवित्र आशीर्वाद पाने की अभिलाषा रखते हैं और सब तेरे (हिन्द) ही जयगाथाओं का गान करते हैं। अतः जनगण के मंगलदायक (भारत की जनता) की जय हो, हे भारत के भाग्यविधाता (भारत का प्रत्येक नागरिक, तेरी) विजय हो, विजय हो, विजय हो, तेरी सदा सर्वदा विजय हो।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## संक्षिप्त खबर

## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर संस्कृत कार्यक्रम आयोजित हुआ! पुलिसकर्मियों व उनके बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति, कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने प्रतिभाशाली बच्चों का किया सम्मान। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस को लेकर धौलपुर पुलिस द्वारा 10 जून से 13 जून 2024 तक मनाएं जा रहे राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्षय में पुलिस लाइन धौलपुर में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों और उनके बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। वही धौलपुर शहर के गुलाब बाग पर पुलिस बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति भी दी गई। फोटो कैप्शन-1 कार्यक्रम मंच से शानदार प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सम्मानित करते-एसपी सुमित मेहरड़ा।

## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस आज



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा 15 जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर हेल्प एज इंडिया संस्था द्वारा जारी राष्ट्रीय रिपोर्ट भारत में वृद्धावस्था : देखभाल चुनौतियों के लिए तैयारी और प्रतिक्रिया की खोज का शुक्रवार को अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स भूपेंद्र साहू के करकमलों द्वारा विमोचन किया गया।इस मौके पर एडीजी साहू ने कहा कि आत्म सम्मान हर व्यक्ति का हक है बुजुर्गों को भी यथा समान आत्मसम्मान मिलना चाहिए और इसके लिए पुलिस आपका पूरा साथ देगी।हेल्पएज इंडिया द्वारा दी गई सर्वे रिपोर्ट में बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल, आयु देखभाल,आयु और रोजगार के अवसरों के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मौजूद अंतराल को समझने, सामाजिक और डिजिटल दोनों को शामिल करने के साथ-साथ बुजुर्ग क्षमताओं को उपयोग करने और निर्भरता को कम करने पर ध्यान केंद्रित करने एवं प्रणालिगत हस्तक्षेप की आवशयकता पर बल दिया गया है।विमोचन के अवसर पर हेल्पएज इंडिया में गुजरात-राजस्थान के निदेशक एवं राज्य प्रमुख श्री निलेश नलवाया ने बताया कि 47% वृद्ध जन आय के लिए परिवार पर जबकि 29% पेंशन पर निर्भर रहते हैं। 65% वृद्धजन सेवा निवृत्ति के बाद भी काम करके अपने परिवार की आय वृद्धि में भागीदारी निभाना चाहते हैं। नलवाया ने बताया कि बुजुर्ग दुर्व्यवहार से संबंधित शिकायत टोल फ्री नंबर 1800-180 -1253 पर कर सकते हैं।इस कार्यक्रम में हेल्पएज इंडिया के रवि शंकर कुमावत, मुकेश कुमार और लता सांखला उपस्थित रहे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रतिनिधि मण्डल ने संभागीय आयुक्त को दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान, कोटा।** संयुक्त किसान मोर्चा कोटा संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया को विभिन्न स्थानीय मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं के निस्तारण को लेकर ज्ञापन सौंपा गौरतलब है कि दुलीचंद बोरदा,अब्दुल हमीद गौड़, बी०पी०मीणा नन्दलाल धाकड़ के नेतृत्व में किसानों को ख़रीफ़ फसल के लिये वाजिब दाम पर सोयाबीन का बीज एवं धान के लिये नहरों में पानी देने की माँग रखी।अखिल भारतीय किसान सभा, किसान सर्वोदय मण्डल, भारतीय किसान यूनियन, अ०भा०किसान फ़ेडरेशन के संयुक्तप्रतिनिधिमंडल ने आगामी फसल के लिये सोयाबीन बीज 6000/- रू प्रति क्विंटल में उपलब्ध करवाने और धान की फसल के लिये नहरों में पानी छोड़ने, मंडाना लिफ्ट परियोजना का काम शुरू करने, कृषि यंत्रों पर जीएसटी ख़त्म करने, तारबाडा व कृषि यन्त्रों पर दी जाने वाली सब्सिडी को सामान ख़रीद करते समय देने, नदियों के किनारे बसे गाँवों में आपदा प्रबंधन की पुख़्ता व्यवस्था करने, आदिवासियों को वनभूमि के पट्टे देने, महानरेगा में 125 दिन काम देने एवं कार्यस्थल पर शुद्ध पानी, चिकित्सा आदि सुविधा उपलब्ध करवाने, किसानों के क़र्ज माफ़ करने आदि माँगों को लेकर संभागीय आयुक्त को ज्ञापन दिया गया।संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल में दुलीचंद बोरदा, हमीद गौड़, भगवती प्रसाद मीणा, नंदलाल धाकड़, नारायण शर्मा, हंसराज चौधरी, रामकैलास वर्मा, के०सी० जैलिया, मुल्कराज सिंह,मीर सिंह आदि किसान नेता शामिल हुये।

## राजस्थान में शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान में तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। यह घोषणा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की है। फिलहाल तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को अब तक 30 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। इस फैसले को लागू करने के लिए राज्य सरकार को राजस्थान पंचायती राज अधिनियम में संशोधन करना होगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने इस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

### भीलवाड़ा जिले में थाना मंगरोप पुलिस की कार्रवाई

# पुजारी को अगवा कर फिरौती के मामले में मुख्य अभियुक्त सहित तीन गिरफ्तार

### पुजारी को उसी की कार सहित किया था अगवा, कार भी बरामद

चमकता राजस्थान



**जयपुर/भीलवाड़ा (खलील कुरैशी)।** भीलवाड़ा के मंगरोप थाना क्षेत्र में सबलपुरा के पास स्थित बालाजी मंदिर के पुजारी को अगवा कर 30 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर राजसमन्द निवासी आरोपी विरम वन योगी पुत्र लछूवन (35) एवं भीलवाडा निवासी भरत योगी पुत्र गोपाल नाथ (20) एवं कमलेश नुवाल पुत्र दिनेश (21) को गिरफ्तार किया है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि 11 जून को का खेड़ा कच्ची बस्ती थाना कोतवाली निवासी मंजू देवी लोहार द्वारा थाना मंगरोप पर रिपोर्ट दी गई कि उसके पति सबलपुरा के पास बालाजी मंदिर में पुजारी है और वहीं पर रहते हैं। बीती रात किसी ने उसके पति का उनकी कार सहित अपहरण कर लिया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी दुष्यंत ने बताया कि घटना के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह नेहरा व सीओ श्याम सुंदर के सुपरविजन एवं एसएचओ विवेक हरसाना के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर अपह्त शांतिलाल लोहार उर्फ चेतन महाराज को दस्तयाब कर अभियुक्तों की पहचान की। इसके बाद इन तीनों आरोपियों को कार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## सिटी: बाड़ी में जलदाय विभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंता के निर्देशन में ताडब तोड़ कार्यवाही



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण )।** बाड़ी सिटी में विद्युत विभाग/ जलदाय विभाग के द्वारा संयुक्त ताड़ब - तोड़ कार्यवाही जलदाय विभाग के सहायक अभियंता देशराज गुर्जर, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता आयुष राज गुप्ता के निर्देशन में अलीगढ़ रोड, गुमट मौहल्ले और धनोरा रोड पे जलदाय विभाग के नलकूप एवं बोरिग कि लिए विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर से बिजली चोरी करने वालो की केबिल जब्त की और उनको बिजली विभाग & जलदाय विभाग के सहायक अभियंता देशराज गुर्जर और बिजली विभाग के सिटी कनिष्ठ अभियंता आयुष गुप्ता द्वारा नोटिस जारी किए गए! साथ मैं पुलिस प्रशासन और जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता रविंद्र मीना &अरुण कुमार,राधा गोविंद पचौरी, सोहन सिंह, और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे! रविंद्र कुमार जेईएन पीएचईडी सिटीः द्वारा बताया गया!कि धनोरा रोड, अलीगढ़ रोड और गुमट मौहल्ले मैं जलदाय विभाग के ट्रांसफार्मरों से अवैध बिजली कनेक्शन पर बिजली विभाग और जलदाय विभाग और बाड़ी पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही, रही एस कार्यवाही से लोगों में मचा हड़कंप, यह कार्यवाही विभाग द्वारा लगातार जारी रहेगी!

## विश्व रक्तदान दिवस पर दीप हॉस्पिटल में आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** झोटवाड़ा खातीपुरा रोड पर स्थित दीप हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ अनिल गुप्ता ने बताया जय दुर्गा ब्लड सेंटर की तरफ से विश्व रक्तदान दिवस पर काफी मात्रा में रक्त एकत्रित हुआ तथा युवाओं ने बढ़ चढ़कर इस मुहिम में भाग लिया व डॉक्टर गुप्ता ने बताया रक्तदान महादान है समय-समय पर रक्तदान शिविर लगने बहुत आवशयक हैं, ब्लड बैंकों में लगातार रक्त की कमी के आकड़े मिल रहे हैं यह बहुत गंभीर मामला है इसलिए बढ़-चढ़कर इस तरह के कार्यक्रम में हिस्सा ले तथा जिनकी उम्र 19 से 50 साल के बीच है वे आसानी से रक्तदान कर सकते हैं जिनका हिमोग्लोबिन 12.5 है वह भी आसानी से ब्लड डोनेट कर सकते हैं ,रक्तदान करने के पश्चात लगभग 24 से 48 घंटे में रक्त की पूर्ति हो जाती है एवं हार्ट अटैक तथा कोलेस्ट्रॉल जैसी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है वही डॉक्टर मनोज लंबा ने जय जवान सोसायटी तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट, जय दुर्गा कॉलेज ऑफ़ फिजियोथैरेपी और जय दुर्गा कॉलेज आफ नर्सिंग के सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यापित किया मौके पर भाजपा नेता दिनेश अमन, डॉ रूपक सिंह, डॉ ओमप्रकाश काजला, डॉ पवन यादव, डॉ अनुराग सिंह, डॉ सुनील यादव स्माइल फाऊंडेशन मौजूद रहे।

## सचिव, डीएलएसए रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण, जाने बंदियों के हालात

चमकता राजस्थान



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाएं व रसोईघर, बैरक साफ-सफाई इत्यादि का जायजा लिया गया। इसके अलावा जेल में महिला बैरक में उपस्थित महिला बन्दियों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही सचिव रेखा यादव द्वारा बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक को अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय को अवगत करावें तथा उनके माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवायें, जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लि.ग्रे.2 सुरेन्द्र सिंह, जेलर पूरन चंद शर्मा, डिप्टी जेलर शैलेन्द्र, हैड कनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## संभागीय आयुक्त ने किया राजस्थान एक्साइज सिटीजन एप का विमोचन

चमकता राजस्थान




**जयपुर (खलील कुरैशी)।** संभागीय आयुक्त, जयपुर संभाग डॉ. आरुषि मलिक ने शुक्रवार को राजस्थान एक्साइज सिटीजन एप का विमोचन किया। आबकारी विभाग द्वारा बनाया गया राजस्थान एक्साइज सिटीजन एप राजस्थान में मदिरा की प्रमाणिकता एवं अधिकतम खुदरा मूल्य की जानकारी हासिल करने में आमजन के लिए कारगर साबित होगा। संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि राजस्थान एक्साइज सिटीजन एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप माध्यम से मदिरा की बोतल पर लगे होलोग्राम के क्यूआर कोड को स्कैन करने अथवा बोतल पर अंकित नम्बर दर्ज करने पर मदिरा का ब्रांड, अधिकतम मूल्य, बैच नंबर., उत्पादन की दिनांक एवं निर्माता का नाम इत्यादि सूचना प्रदर्शित हो जाती है।संभागीय आयुक्त ने बताया कि संभाग में राजस्थान एक्साइज सिटीजन एप के प्रचार-प्रसार से जागरुकता आएगी एवं अवैध मदिरा के विक्रय पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। अनाधिकृत मदिरा होने की स्थिति में पोस्टर पर अंकित टोल फ्री नम्बर एवं कन्ट्रोल रूम के नम्बर पर सूचना दी जा सकती है। संभागीय आयुक्त ने संभाग के सभी जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी मदिरा दुकानों पर उक्त पोस्टर लगाये जाना सुनिश्चित करें। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में दौरान दीप्ति कछवाहा, अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, जोन जयपुर एवं आबकारी विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में वार्ड पंच ने उठाई अपने क्षेत्र की समस्या



**चमकता राजस्थान, श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर पंचायत समिति में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में वार्ड पंच राजू गुर्जर ने बताया कि मजरा बावड़ी में पिछले 25 दिनों से पानी नहीं मिल रहा है प्रधानमंत्री जल मिशन योजना के तहत योजना का फायदा नहीं मिल रहा है साथ में ग्रामीण सांवरा गुर्जर शैतान गुर्जर सहित अन्य कई लोग रहे मौजूद।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक पंडित कुलदीप कृष्णा महाराज ने बिखेरा भक्ति रंग

# कृष्ण-सुदामा की कथा सुन, मदन मस्त भये श्रद्धालु

चमकता राजस्थान





**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखंड कि खानपुर मीणा गांव में सर्व समाज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है! श्रीमद् भागवत कथा बाचक कुलदीप कृष्ण महाराज वृंदावन के मुख मंडल से कृष्ण /सुदामा की कथा सुनाई, कथा सुन मगन - मस्त भये श्रद्धालु, कथा वाचक द्वारा बताया गया, कि भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है! भागवत में यह भी बताया गया कि 1000 काम छोड़कर स्नान करना चाहिए, लाख काम छोड़कर लंगड़े, लूले, बहरे, गरीब, आशहाय, विकलांग, बेसहारा लोगों को दान - पुन करना चाहिए! अपने जीवन काल में सात्विक भोजन, अच्छे कपड़े पहनना चाहिए, दान करने से कभी धन नहीं घटता है! अगर आपके पास धन है! आप कंजूसी करते रहे, आपने दान पुण्य नहीं किया, तो आपके घर में ऐसा व्यक्ति पैदा होगा, कि आपका धन पानी की तरह वह जाएगा! नास की नींम लगा देगा! कथा वाचक द्वारा यह भी बताया कि हरि परमात्मा का भजन करना जरूरी है! आवत, जावत, खावत, फीवत चलत, फिरत- हरि परमात्मा का स्मरण करना जरूरी है, स्वास- स्वास पर हरि बसे बिरथा श्वास मत खोय, ना जाने इस स्वास का आबन होय, ना होय, आप मंदिर जाओ, मस्जिद जाओ, गुरुद्वारा जाओ, चर्च जाओ, तीर्थ जाओ, जब तक आपका मन मंदिर साफ नहीं है! तो कुछ होने वाला नहीं है, आपको त्यागना पड़ेगा, मोह, लोभ, अभिमान, अहंकार, निंदा, ड्यूटी, चुगली, तभी आपको हरि परमात्मा मिलने में देरी नहीं होगी! हरि नाम के आलसी भोजन के होशियार ऐसे नर को जीवन को धिक्कार। कथा वाचक द्वारा यह भी बताया गया, कि इस धरती माता से पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण हम सभी भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। इससे निपटने के लिए हम सभी को प्रण लेना चाहिए, कि एक-एक पेड़ भाई हो या बहन हम सभी को लगाना चाहिए, और मृत्यु भोज एवं बाल विवाह पर भी चर्चा की यह भागवत का आयोजन सर्व समाज के लोगों के द्वारा कराया जा रहा है!

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी 15 जून को आएंगे जयपुर

- भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दिल्ली से अजमेर तक 18 जगहों पर होगा भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान। अज़मेर (रघुनंदन पारीक)।** भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार अजमेर व जयपुर आ रहे हैं। वे 15 जून को सड़क मार्ग से दिल्ली से अजमेर के लिए रवाना होंगे। उनके केंद्रीय राज्यमंत्री बनने पर राजस्थान में प्रवेश के साथ ही जगह-जगह भव्य स्वागत होगा। कोटपूतली में भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी भागीरथ चौधरी का सम्मान करेंगे। इसके लिए नीमराना, बहरोड़, पावटा, कोटपूतली, शाहपुरा, मनोहरपुर, चंदवाजी बाईपास, 200 फीट बाईपास, जयपुर, भांकरोटा, बगरू, महला, मोहकमपुरा, दूदू, पड़ासोली, बांदरसिंदरी, पाटन,किशनगढ़ टोल प्लाजा, हरमाड़ा चौराहा किशनगढ़ व अजमेर में पब्लिक मीटिंग व स्वागत समारोह होंगे। दिल्ली से सुबह 6 बजे रवाना होकर भागीरथ चौधरी सायं 5 बजे पुष्कर पहुंचेगे। पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में दर्शन के पश्चात यहां अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री सुरसुरा में स्थित वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन कर रात्रि विश्राम किशनगढ स्थित अपने निज आवास में करेंगे।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टीम ने किया गोपी नामक मार्का के 1250 लीटर घटिया क्वालिटी का घी सीज



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को बनीपार्क स्थित एक घी व्यापारी पर छापा मार कर 1 हजार 250 लीटर घटिया क्वालिटी का घी सीज किया। इसके साथ ही टीम ने घी के अलग-अलग बैच में सैंपल लेकर उनकी जांच करवाने के लिए लैब में भिजवाए हैं। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि सेंट्रल टीम बनीपार्क स्थित कबीर मार्ग पर पूरण प्रकाश अरोड़ा दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी पर छापा मारा। जहां से गोपी नाम के घी के पैकेट मिले। जो अमानक और घटिया क्वालिटी का दिख रहा था। घी में अजीब महक आ रही थी। इसके अलावा इन घी की चिकनाई भी सामान्य घी की तुलना में कम थी। इसके बाद मौके पर मौजूद टीम ने घी के काटर्न के अलग-अलग सैंपल लिए। मौके पर मौजूद 1 हजार 250 लीटर के स्टॉक को संदेह के आधार पर सीज किया। उन्होंने बताया कि छापे के दौरान ही टीम को कुछ अन्य नकली हेयर ऑयल भी मिले हैं। इसे देखते हुए टीम ने ड्रग डिपार्टमेंट को भी सूचित किया है। उनकी टीम ने मौके पर आकर इन सभी हेयर ऑयल के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भिजवाया है। नकली ब्रांड के हेयर ऑयल के पैकेट को सीज किया है। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि यहां पैराशूट ब्रांड का हूबहू पैरामाउंट नाम के ऑयल पाउच मिले। इनके अलावा कई नामी कंपनियों के आंवला, बादाम, सरसों के तेल के पैकेट भी मिले, जो नकली थी।

### ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50% आरक्षण मिलेगा

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रस्ताव को मंजूरी दी
- बजट में खाली पदों को जल्द ही भरने की हो सकती है अधिकारीक घोषणा


**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। सीएम ने राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। वे आत्मनिर्भर होकर और सशक्त बन सकेंगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के छह महीने पूरे होने के उपलक्ष्य में यह बड़ी घोषणा की है। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शनिवार को उनके कार्यकाल के 6 माह पूरे हो रहे हैं।ग्रेड थर्ड टीचर टीचर के करीब 27 हजार पद खाली-प्रदेश में ग्रेड थर्ड टीचर के करीब 27 हजार पद खाली पड़े है। आने वाले बजट में भजनलाल सरकार इन पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकती है। नई भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जिससे अधिक महिलाएं भर्ती में चयनित हो सकेंगी।रीट पर अभी भी संशय-सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की है। लेकिन वर्तमान में जो नियम है, उसके चलते ग्रेड थर्ड भर्ती से पहले रीट पास करना जरूरी है। रीट केवल पात्रता परीक्षा है। उसमें सफल होने के बाद ही अभ्यर्थी ग्रेड थर्ड भर्ती में शामिल हो सकते है। हालांकि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रीट को समाप्त करने की मंशा जाहिर कर चुके हैं। अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। अगर रीट समाप्त होती है तो फिर सीधे ग्रेड थर्ड भर्ती के लिए लिखित परीक्षा होगी। जिसमें महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।



# जयपुर विकास प्राधिकरण ने 17 बीघा भूमि पर बस रही तीन अवैध नवीन कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## 'श्री श्याम विहार', 'गणेश नगर' सहित अन्य नवीन अवैध कालोनी पर जेडीए ने चलाया पीला पंजा

चमकता राजस्थान







**जयपुर!(खलील कुरैशी) 14 जून।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 17 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियां को पूर्णतः ध्वस्त किया गया।मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लबाना दिल्ली रोड़ पर जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''श्री श्याम बिहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम अचरोल दिल्ली रोड़ पर जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी की सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दिल्ली रोड़ पर ग्राम दौलतपुरा टोल टैक्स थाना के पास, जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''गणेश नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई डामर, ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा गौशाला संचालकों का किया गया गर्मजोशी स्वागत व हौसला अफजाई

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** उच्च शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण स्थित सत्संग भवन में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर गौ रक्षा संरक्षणार्थ सम्मेलन का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् के तत्वाधान में गौशाला संचालकों व गौसेवकों के सम्मान हेतु पर्यावरण एवं गौ रक्षा संरक्षणार्थ सम्मलेन का आयोजन श्री गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में किया गया ।इस अवसर पर उच्च शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, हवामहल विधायक एवं हाथोज धाम महंत बालमुकुन्दाचार्य, गोविंददेवजी मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने राज्य की लगभग 40 से अधिक गौशालाओं से पधारे गौशाला संचालकों व गौसेवकों को पीत दुपट्टा व श्री गोविंददेव जी के चित्रपट के साथ उनके द्वारा गौवंश के संरक्षण व संवर्धन के क्षेत्र में किये जा रहे अतुलनीय कार्य की प्रशंशा करते हुए सम्मान किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ० अतुल गुप्ता के अथक प्रयासों का ही नतीजा है, कि गाय के गोबर के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुद्रण बनाने व गौशालाओं को स्वाबलंबी बनाने में गौशालाएं अपना अथक योगदान दे रही हैं। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् के अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ० अतुल गुप्ता ने जानकारी स्वरुप बताया कि कुवैत जैसे अरब राष्ट्र में गाय के गोबर का निर्यात सबसे पहले जयपुर की पिंजरापोल गौशाला के द्वारा किया गया जो कि अब देश की 400 से अधिक गौशालाओं के द्वारा निरंतर जारी है। हम कुवैत जैसे अरब देश में गाय के गोबर का निर्यात कर पाए । इस अवसर पर श्री दादूदयाल गौशाला निवाई से श्री श्री 1008 गौऋषि स्वामी प्रकाश दास जी महाराज, सुधासागर गौशाला दूदू से मुरारी लाल शर्मा, श्री राधा गोविन्द गौसेवा समिति सवाई माधोपुर से योगेंद्र वीरबाल गौ सेवा संघ जयपुर से राज कुमार मिश्रा, नंदी गौशाला सवाईमाधोपुर से राजेश गोयल बलवंत गौशाला जयपुर से आचार्य पंडित ओमप्रकाश श्री कृष्ण गौशाला अजीतगढ़ से शैचैतन्य कुमार मीणा, दिव्यांशी जान सेवा केंद्र से हरी ओम हिंदुस्तानी, गौशाला विश्वविद्यालय प्रमुख डॉ० अरुण कुसंभीवाल पिंजरापोल गौशाला से राधेश्यामविजयवर्गीय, गौशाला सेवा समिति बेगस से प्र''।द शर्मा कैलाश चंद्र गुप्ता, गौसेवक गुड्डी देवी, गौभक्त ओम प्रकाश शर्मा, परिषद् के राजसथान संगठन सचिव मुकेश भारद्वाज आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के समापन पर डॉ० अतुल गुप्ता ने पधारे हुए सभी गौसेवकों व अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया, तथा सभी आगंतुकों से अपील भी की कि गौमाता को राष्ट्र माता बनाना ही हमारा ध्येय होना चाहिए तथा गौशालाओं में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम निरंतर रूप से जारी रहना चाहिए ।

## ग्रामपंचायत दलेलपुरा व सेफरगुवार के प्रतिनिधि मंडल ने करी खेतड़ी विधायक से शिष्टाचार मुलाकात

- माधोगढ़ (मुण्डिया भाटा) से लामावाली (नीमकाथाना सीमा) तक वाया पदेवा, दलेलपुरा, सेफरागुवार 7 मीटर चौड़ी रोड़ बनवाने की रखी माँग

चमकता राजस्थान



खेतड़ी ' (सुमेर सिंह राव)ग्रामपंचायत दलेलपुरा व सेफरगुवार के डेलिगेशन ने खेतड़ी विधायक से मिलकर माधोगढ़ (मुण्डिया भाटा) से लामावाली (नीमकाथाना सीमा) तक वाया पदेवा, दलेलपुरा, सेफरागुवार 7 मीटर चौड़ी रोड़ बनवाने की माँग रखी 'खेतड़ी विधायक जन सुनवाई केंद्र कॉपर में कैप्टन राम निवास ताखर के नेतृत्व में ग्रामपंचायत दलेलपुरा व सेफरगुवार के गणमान्य लोगों ने विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर से मिलकर माधोगढ़ (मुण्डिया भाटा) से लामावाली (नीमकाथाना सीमा) तक वाया पदेवा, दलेलपुरा, सेफरागुवार बनने वाली सिंगल रोड़ को डबल रोड (7 मीटर चौड़ी) बनवाने के लिए ज्ञापन सौपा व निवेदन किया कि इस रोड़ पर बहुत ज्यादा ट्रेफिक है और इसको डबल रोड़ ( 7 मीटर चौड़ी) स्वीकृति करवाई जाए। इस पर विधायक ने एक्सईन पीडब्लूडी से बात कर अवगत करवाया की इस का टेंडर हो चुका है अभी इसको सिंगल रोड़ बने दे व जल्दी ही इस रोड़ का चौड़ीकरण का प्रस्ताव भिजवा कर स्वीकृत करवा दिया जाएगा। ' इसके बाद कैप्टन राम निवास ताखर ने दलेलपुरा स्कूल की छत रिपेयर का मामला उठाया, जिस के बारे में उन्होंने इसको समसा के माध्यम से करवाने का अस्वासन दिया और कहा ही हर पंचायत को 10 - 10 लाख रुपये विधायक कोष से दिए जाएंगे ' इस पर आप सभी गाँव वालों से विचार विमर्श कर के मुझे अवगत करवा देना ताकि उसी कार्य के लिए विधायक कोष से बजट आवंटित करवाया जा सके डेलिगेशन में उपस्थित सभी सदस्यों ने पानी की समस्याओं से भी विधायक को अवगत करवाया, जिस का जल्दी ही समाधान करवाने का अस्वासन दिया।कॉपर से वापिस लौटते समय पूरा डेलिगेशन खेतड़ी सीबीओ जितेंद्र सुरेलिया से मिलकर विधायक जी का दलेलपुरा स्कूल छत रिपेयरिंग का सन्देस बताया। उन्होंने आज ही छत रिपेयरिंग का प्रस्ताव बनाकर समसा झुंझुनूं भिजवाने का आश्वासन दिया इस अवसर पर कैप्टन राम निवास ताखर, हरदेवा राम रोहिलान, महेन्द्र सिंह तेतरवाल, ईश्वर सिंह यादव, मुनेश कुमार ताखर, दिग विजय सिंह जाखड़, सुनील कुमार ताखर, रणबीर जाखड़, महेन्द्र सिंह ताखर, सरजीत सिंह ताखर,जगदेव कृष्णियां, रमेश बोरान, भँवर लाल यादव व शिव राम यादव मौजूद रहे।

# कायमखानी समाज के बानी दादा नवाब कायम के 605 वें शहादत दिवस पर जोधपुर में महाराजा उम्मेद बालिका छात्रावास का हुआ भव्य शिलान्यास

## जोधपुर महाराजा गजसिंह और कायमखानी समाज के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अमजद खान बिसाऊ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम

- कायमखानी समाज के बुजुर्ग सरदारान
- की यशस्वी उपस्थिति में जागरूक भामाशाहों समाजसेवियों का रहा सकारात्मक सहयोग

चमकता राजस्थान





**जयपुर/ जोधपुर (खलील कुरैशी)** बहादुर जांबाज वतनपरस्त वफादार और ईमानदार कायमखानी समाज के बानी प्रथम पुरुष दादा नवाब कायम खां के 605वें यौम-ए-शहादत के मौके पर दिनांक 14 जून शुक्रवार सुबह 11:16 बजे 2024 जोधपुर हिज़हाईनेस महाराजा गजसिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं कायमखानी समाज के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अमजद खान बिसाऊ कायमखानी तथा कायमखानी समाज के बुजुर्गान सरदारों के कर कमलों द्वारा शिलान्यास संपन्न किया गया महाराजा उम्मेद कायमखानी गर्ल्स हॉस्टल का एवं महाराजा उम्मेद कायमखानी गेस्ट हाउस (प्रथम फेज) की रस्म-ए-संगे बुनियाद (शिलान्यास) के मौके पर बड़ी संख्या में कायमखानी समाज के गणमान्य और वरिष्ठजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे । बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की इस मुहिम में कायमखानी समाज ने जागरूक भामाशाहों और समाजसेवीयों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपना अतुलनीय योगदान दिया गौरतलब है कि कायमकानी कॉम के दादा नवाब कायम खा के 605वें यौमें शहादत दिवस पर खिराजे हकीकत पेश की गई । इस मौके पर कायमखानी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मस्जिदों में कुरानखानी की गई। कायमखानी समाज की अगुवाई में बेजुनाब पशुओं को ईदगाह के पास हरा चारा डाला गया। इस मौके पर कायमखानी समाज के युवाओं ने पर श्रमदान किया। कायमखानी समाज अध्यक्ष के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अमजद खान बिसाऊ कायमखानी की अगुवाई में महासभा द्वारा मरीजों को फल वितरित किए गए। जुम्में की नमाज के बाद मस्जिदों में सामूहिक रूप से फातेहाखानी कर दादा कायम खां के लिए दुआएं मगफिरत की गई। साथ ही देश में अमन चैन को दुआ मांगी। कयामखानी महासभा की अगुवाई में मस्जिद में परिंडे बांधे गए कायमखानी समाज के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अमजद खान ने बताया कि इस मौके पर पुरे प्रदेश और आस-पास क्षेत्र में परिंडे निशुल्क वितरित किए किये।

शुक्रवार को जोधपुर शहर के कायमखानी बालिका छात्रावास के शुभारंभ के मौके पर जोधपुर महाराजा गजसिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से बालिका छात्रावास का लाभ कायमखानी समाज में बालिका शिक्षा को सकारात्मक तरीके से बढ़ावा देगा जहां प्रतिदिन शिक्षा के क्षेत्र बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा में कायमखानी समाज की बालिकाएं अपने आप को आधुनिक, तकनीकी और विकसित, गुणात्मक शिक्षा के लिए सुदृढ़ मजबूत बना सकेंगी । इस अवसर पर कायमखानी समाज के प्रदेशाध्यक्ष अमजद खान बिसाऊ ने अपने संबोधन में कहा कि आज से 605 साल पहले दादा कायम खान की बदौलत आज सदियों बाद भी हमारे बीच जिंदा है। हम सबको मिलकर दादा नवाब कायम खान के यौमे शहादत को बड़े फख्र से मनाते हुए उनके इसाले ए सवाब में फातियाखानी,समेत अनेक जनकल्याणकारी, और समाजसेवा को समर्पित कार्यक्रमों का आयोजन कर मरहूम दादा नवाब कायम खान को खिराज ए अकीदत पेश करनी चाहिए जोधपुर शहर का यह बालिका हॉस्टल भविष्य में कायमखानी समाज में बालिका शिक्षा में नये नयें आयामों स्थापित करेगा।

# 400 सीट के नारे में भाजपा का अहंकार झलक रहा था : पायलट

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में दिया भाषण, कहा-भाजपा ने राम मंदिर पर वोट मांगे, अयोध्या में ही हारी

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में मोदी सरकार और भाजपा की जमकर आलोचना की। पायलट ने कहा कि जनता बीजेपी सरकार की नीतियों से परेशान थी और लोगों ने उसके खिलाफ वोट दिया। अग्निवीर स्कीम से युवाओं में आक्रोश था। इंडिया अलायंस ने उन मुद्दों पर चुनाव लड़ा जो देश के मुद्दे थे। हमने गरीबों और अमीरों के बीच बढ़ती खाई, आर्थिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा। पायलट यूनाइटेड किंगडम (यूके) में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के ब्लावा%कि स्कूल ऑफ गवर्नमेंट में बोल रहे थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स और टीचर्स के साथ लोकसभा चुनावों पर चर्चा की। उन्हें भाषण देने के लिए इनवाइट किया गया था।

फैसले करने की कोशिश की है। बिना तैयारी के नोटबंदी की गई, जिसके खराब रिजल्ट आए। लोगों को दिक्कत हुई। इस तरह की चीजों में बदलाव आना चाहिए।यूपीए में घोटाले हुए तो सजा क्यों नहीं दिलवाई?



### 10 साल में तानाशाही पूर्वक एकतरफा फैसले

» बीजेपी के 400 सीट के नारे पर पायलट ने कहा– उन्होंने जिस तरह के अहंकार में आकर 400 सीटें जीतने का नारा दिया, उसमें उनका घमंड झलक रहा था। पिछले 10 साल में सरकार ने एक तरफा पायलट ने कहा– यूपीए सरकार पर भाजपा ने स्पेक्ट्रम सहित कई तरह के घोटाले के आरोप लगाए। 10 साल से भाजपा सत्ता में है, उन लोगों को सजा क्यों नहीं दिलवाई? अगर उस समय घोटाले हुए थे तो आपके पास पूरे 10 साल थे कार्रवाई क्यों नहीं की। हुई। खिलाड़ियों ने एक नेता के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की, उस पर क्या कार्रवाई की। एक मंत्री पुत्र ने किसानों को गाड़ी से रौंद दिया, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यूपीए राज में ऐसे आरोप लगने पर नेताओं के इस्तीफे हो जाते थे।

### जहां राम मंदिर बना, वहीं जनता ने भाजपा को चुनाव हराया

पर आरोप लगाए थे, उनके खिलाफ अब तक क्या किया? काला धन भारत लाने की घोषणा की गई थी उसका क्या हुआ? डॉक्टर मनमोहन सिंह सबसे ईमानदार प्रधानमंत्री थे, उन पर केवल गलत आरोप लगाए गए।

### भाजपा सरकार में कई आरोप लगे, कोई कार्रवाई नहीं हुई

» बीजेपी सरकार के मंत्रियों और उनके नेताओं पर कितने तरह के आरोप लगाए, लेकिन किसी ने भी इस्तीफा नह–ीं दिया। किसी ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली और किसी भीगलत नेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं उन्होंने कहा– भारत की जनता वोट करने के मामले में बहुत समझदार है। बीजेपी ने राम मंदिर के नाम पर वोट लेने का प्रयास किया था। बीजेपी का उम्मीदवार अयोध्या में चुनाव हार गया, जहां राम मंदिर बना। आप समझ सकते हैं देश की जनता, देश का वोटर कितना समझदार है। राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए बीजेपी और उसके समर्थक मीडिया ने भारी संसाधन झोंके। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह राहुल गांधी की छवि खराब करने का भरपूर प्रयास हुआ। पायलट ने कहा– कांग्रेस पार्टी में अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया जाता है। हमारे यहां खुलापन है। अगर कोई किसी से सहमत नहीं है तो भी अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया जाता है। हमारे यहां भाजपा की तरह नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जनता संग किया योग

● कहा-मोदी के प्रयासों से योग को मिली अंतराष्ट्रीय स्तर विश्वसनीय और सम्मानजनक पहचान



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)**राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शुक्रवार को चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर में आयोजित जयपुर योग महोत्सव में जनता के साथ योग किया और सभी से योग को अपने जीवन में अपनाने को कहा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन और सार्थक प्रयासों से भारतीय योग को पूरी दुनिया में नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा, योग के जरिए जीवन की चुनौतियों का सामना किया जा सकता है, इसलिए सभीयोग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कुंजी है योगा शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं। 21 जून को दुनिया 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी, जो एकता और सद्भाव की एक शाश्वत पद्धति का उत्सव है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, योग ने सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार कर लिया है और इसने समग्र कल्याण की दिशा में विश्व के करोड़ों लोगों को एकजुट किया है।देशवासी योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। योग स्वस्थ एवं सफल जीवन की कुंजी है योग से हमें असीम शांति मिलती है। हम जीवन की चुनौतियों का सामना

### चारदीवारी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था-पार्किंग व्यवस्था को सुगमता प्रदान करने के संदर्भ में आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

● अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन जयपुर और व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल के मध्य हुआ विभिन्न मुद्दों पर मुखर संवाद



**चमकता राजस्थान।** जयपुर (खलील कुरैशी)जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में जयपुर शहर में यातायात के सुगम एवं सुरक्षित संचालन के लिए बेहतर प्रयास एवं नवाचार किये जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन प्रीति चन्द्रा द्वारा जयपुर शहर के व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर में विशेष दिशा-निर्देश दिये गये। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन प्रीति चन्द्रा ने बताया कि व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ यातायात पुलिस के नवाचार मैपल्स मैपमाई इंडिया की जानकारी साझा की गई साथ ही इस ऐप की उपयोगिता के संबंध में बताया गया। चारदीवारी में आने वाले पर्यटकों, खरीददारों, व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों के वाहनों पर चर्चा कर निर्देश दिये गये कि व्यापारियों के वाहनों को रामनिवास बाग में भूमिगत पार्किंग में पार्क किये जाने के लिए व्यक्तिगत समझाइश की जाए। ताकि पर्यटकों, खरीदारों के वाहनों के लिए पार्किंग उपलब्ध हो सके। मुख्य मार्ग पर दुकानों के व्यापारियों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से व्यक्तिगतकिये जाने पर चर्चा की गई जिस के लिए व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया।व्यापारियों द्वारा पहल कर ग्राहकों को मुख्य बाजारों में अधिक से अधिक पैदल चलने के लिए जागरूक किया जाये। मुख्य बाजारों यथा चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, बडी चौपड़ जौहरी बाजार आदि स्थानों पर यातायात का दबाव को कम करने के लिए ई-रिक्षाओ का सुव्यस्थित संचालन करवाया जाये। बैठक में सुभाष गोयल, अध्यक्ष जयपुर व्यापार महासंघ, सुरेश सैनी, महामंत्री, जयपुर व्यापार मण्डल महासंघ, अमित जोशी, उपाध्यक्ष, जयपुर व्यापार महासंघ, सौभाग अग्रवाल, अमित कामदार, सचिन गुप्ता, श्रीधर गुप्ता, हरीश केडिया उपस्थित रहे।सम्पर्क कर दुकान के सामने अतिक्रमण नहीं करने अपना वाहन निर्धारित स्थान पर पार्किंग करने के लिए समझाइश निरंतर जारी रखे जाने के निर्देश दिये गये। चारदीवारी क्षेत्र के मुख्य बाजारों में से एक बाजार को मॉडल बाजार के रूप में विकसित

## फील्ड में उतरी हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर,सफाई व्यवस्था के बिगड़े हालात देख जतायी नाराजगी

### 70 नाले अब तक नहीं हुए साफ, मैं संतुष्ट नहीं, आयुक्त स्वयं करें मॉनिटरिंग



चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी .)। हर बार बारिश में शहर केनाले चोक हो जाते हैं और भरने वाले पानी से लोग बेहद परेशान होते हैं और ये सब कुछ होता है नगर निगम की लापरवाही से। ठेकेदार नाले साफ करते नहीं और पैसा पूरा वसूल लेते हैं। ऐसे इस बार मानसून से पहले ही जयपुर नगर निगम हेरिटेज नालों की सफाई को लेकर एक्टिव हो गया है। शुक्रवार को मेयर मुनेश गुर्जर शहर के औचक निरीक्षण पर निकली। इस दौरान रामगढ़ मोड़ और ब्रह्मपुरी इलाके में नाले की सफाई ठीक से नहीं होने से मेयर नाराज हुई।उन्होंने कहा- मानसून जल्द दस्तक देने वाला है। लेकिन अब तक 70 नालों की सफाई तक पूरी नहीं हो पाई है। काफी जगह सफाई में कमियां भी मिली हैं। इसलिए मैं सफाई व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हूं। मुझे लगता है कि कमिश्नर साहब को भी इसकी मॉनिटरिंग करनी चाहिए। ताकि यह व्यवस्था बेहतर हो सकेगी। दरअसल, बारिश के दौरान जयपुर शहर की सड़कें दरिया नहीं बनें। ऐसे में हेरिटेज निगम मेयर शुक्रवार को शहर में लगभग आधार दर्जन स्थानों पर चल रही नालों की सफाई का औचक निरीक्षण करने पहुंची थी। इस दौरान आमेर रोड पर रेनबो रेस्टोरेंट के पास नाले में कचरा जमा होने पर मेयर ने नाराजगी जाहिर की। मेयर ने निगम अधिकारियों से नाला साफ नहीं होने का कारण पूछा।अधिकारियों ने बताया कि नाला गहरा होने के कारण मशीन नीचे नहीं पहुंच पायी।

● **अब तक हो जाने चाहिए थे 100 प्रतिशत नाले साफ**

मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि शहर में बारिश से पहले नालों की सफाई पूरी हो जानी चाहिए थी लेकिन आज निरीक्षण के दौरान लगभग 70 नाल ऐसे मिले, जहां अब तक नाला सफाई का काम पूरा नहीं हो पाया है। काफी जगह सफाई व्यवस्था में खामियां भी मिली हैं। मेयर मुनेश गुर्जर ने अपने औचक निरिक्षण की शुरुआत चांदी की टकसाल से की। इसके बाद मेयर ने सुभाष चोक, ब्रहमपुरी, कागदीवाडा, रामगढ़ मोड, काले हनुमान जी, तमिल कॉलोनी, गुर्जर घाटी, जलमहल, नागतलाई, आरएसी कॉलोनी, पहाडगंज इलाके में नालों की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर के साथ हेरिटेज निगम के अधीक्षण अभियंता श्रवण कुमार वर्मा सहित चारों जोन के एक्सईएन, जेईएन और निगम मुख्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।। इस पर मेयर ने नाले के निकास को पूरा खुलवाने के निर्देश दिए। वहीं, जयपुर ग्रामीण पुलिस लाइन के बाहर नलों में गंदगी देख मेयर ने अधिकारियों को लताड़ लगाई। उन्होंने मौके पर ही ठेकेदार को बुलाकर फिर से नाला साफ करने के आदेश दिए।

## राष्ट्रीय सेवा में पहली रक्षा पक्ति बीएसएफ की जज्बें और सेवा भाव को मैं सलाम करता हूं: धनखड़

### दो दिन का दौरा पूरा कर दिल्ली रवाना हुए उपराष्ट्रपति




चमकता रजस्थान

**जैसलमेर (नि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखद जैसलमेर के दो दिवसीय दौरे पर थे। अपने दौरे के दूसरे और आखरी दिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ सैनिक सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम रोड स्थित सीमा सुरक्षा बल की 154 बीएन बटालियन परिसर में शुक्रवार को आयोजित हुए सैनिक सम्मेलन में उन्होंने बीएसएसफ के जवानों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए सभी को दिल से धन्यवाद दिया। उपराष्ट्रपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीएसएफ जी सेवा कर रही है ची तारीफ के काबिल है। बीएसएफ सीमाओं पर प्रथम पंक्ति में खड़े रहकर सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही है। बीएसएफ की सेवा को मैं सलाम करता हूँ। अपनी दो दिवसीय यात्रा के आखरी दिन शुक्रवार को उपराष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के कार्यक्रम में शामिल हुए। 154 बीएन बटालियन परिसर में आयोजित सैनिक सम्मेलन से पहले सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। धनखड़ को बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। वहीं अश्मिता अग्रवाल ने उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ सुदेश धाखड़ को फूड पैकेट भेंट कर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने बीएसएफ के प्रहरियों व उनके परिवार जनों के साथ फोटो सेशन भी करवाया जिससे हर कोई उत्साहित नजर आया।

● **वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देने की प्रक्रिया के तहत लगाया पौधा**

154 बीएन बालियन बीएसएफ के परिसर में उपराष्ट्रपति ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण व अधिकाधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। उपराष्ट्रपति ने बीएसएफ अधिकारियों से मुलाकात कर संवाद किया। वहीं बीएसएफ के स्मृति चिन्ह को सिर पर लगाकर सैल्यूट किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सैनिक सम्मेलन में अपने सम्बोधन में बीएसएफ की सेवा की तारीफ की। उन्होंने कहा- बीएसएफ सीमाओं पर प्रथम पंक्ति में खड़े रहकर मुरक्षा का जिम्मा संभाल रही है. बीएसएफ की सेवा को मैं सलाम करता हूं। उन्होंने कहा- बीएसएफ सीमा पर तैनात है, इसलिए हर भारत वासी सुरक्षित है। बीएसएफ के कारण हर कोई निडरता से जी का है। बीएसएफ की सजगता के चलते देश के दुश्मन नाकाम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि चीएसएफ ने कोरोनाकाल में अच्छा कार्य किया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बीएसएफ का हर जवान सजग है। उन्होंने हीरक जयंती की भी अग्रिम बधाइयां दीं।दिल्ली लौटे गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति कादीप धनखड़ गुरुवार को दिल्ली से विशेष विमान से जैसलमेर पहुंचे थे। वे गुरुवार शाम को हेलिकॉप्टर से होट पहुंचे और मंदिर में पूजा अर्चना कर जवानों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। उपराष्ट्रपति ने भारत-पाक सीमा को बबलीनाला पोस्ट पर सरहद की सुरक्षा का जायजा लेकर महिला जवानों से संवाद करते हुए हौसला अफजाई की। वे शुक्रवार को ही दिल्ली के लिए लौट गए।

## टाउनशिप पॉलिसीज के साथ ही मुख्यमंत्री जनआवास योजना और टाउन प्लानिंग एक्ट में सुधार करें : झाबर सिंह खर्रा

### नगरीय विकास मंत्री ने ली अधिकारीगणों समीक्षा बैठक, प्रकरणों की सूची बनाने को कहा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।( खलील कुरैशी)** चुनाव आचार संहिता के समाप्त होते ही सरकार विकास कार्यों को रफ्तार देने में जुट गई है। इसी कड़ी में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और योजनाओं की प्रगति को जाना। बैठक में खर्रा ने विभाग की विभिन्न पॉलिसीज और टाउनशिप पॉलिसीज के साथ ही मुख्यमंत्री जनआवास योजना, टाउन प्लानिंग एक्ट आदि में आवशयक सुधार करने के लिए सुझाव दिया। उन्होंने आवशयक संशोधनों को सम्मिलित कर पत्रावली अनुमोदना के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।उन्होंने आवासन मण्डल, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम में आपसी समन्वय हेतु प्रमुख शासन सचिव के स्तर पर बैठक कर समान विषयों और प्रकरणों की सूची बनाने को भी कहा।बैठक में मंत्री खर्रा ने कहा कि आवासन मंडल के कोचिंग हब में भूखण्डों को लेकर कम लोगों ने रूचि दिखाई है। ऐसे में इन्हें गति प्रदान करने के लिए कोचिंग संचालकों के साथ समय-समय पर बैठक की जाए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न नगर पालिकाओं में नागरिक सेवाओं से संबंधित लम्बित मुद्दों को शीघ्र निपटाने को निर्देशित किया। वहीं विभिन्न शिलान्यास और लोकार्पण की सूची बनाने, अन्नपूर्णा योजना का नियमित निरीक्षण कर समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की ओर से प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत, स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक सुरेश ओला, जेडीए आयुक्त, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जयपुर जयपुर मेट्रो और मुख्य नगर नियोजक एवं वित्तीय सलाहकार स्वायत्त शासन विभाग सम्मिलित हुए।

● **भूमि आवंटन के प्रकरणों का जल्द हो निस्तारण**

» खर्रा ने कहा कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के विभागों के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार के स्तर पर लम्बित प्रकरणों की सूची बनाकर प्रस्तुत करने और केंद्रीय प्रवर्तित योजनाओं एवं नगरीय निकायों की हिस्सा राशि संबंधी प्रस्ताव तैयार कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही पट्टे आवंटन की प्रकिया में सुधार पर कार्य करने और पूर्व के पट्टे आवंटन संबंधी शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। मंत्री खर्रा ने पीएम. ई–बस सेवा संबंधी डिपो के लिए भूमि आवंटन की प्रकिया शीघ्र प्रारम्भ करने को कहा। इसके अलावा मेट्रो के फेज–2 की डीपीआर बनाने में गति प्रदान करने के निर्देश दिए।आवासन मंडल के कोचिंग हब के मुद्दे हों निस्तारित

## एक नजर

### डोडा जिले के परमाज में दिखे दो संदिग्ध, तलाशी अभियान शुरू



**डोडा।** जम्मू संभाग के डोडा जिले के परमाज में दो संदिग्धों के देखे जाने की जानकारी मिलने के बाद से ही सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी करके तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस और सेना और अन्य सुरक्षाबल जंगली क्षेत्र का चप्पा-चप्पा खंगालने में लगे हुए हैं। एसएसपी डोडा जावेद इकबाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि परमाज क्षेत्र में दो संदिग्धों को देखा गया है। उसके तुरंत बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। एहतियात के लिए डोडा पुलिस ने परमाज में संपर्क मार्ग पर यातायात को भी कुछ समय के लिए निलंबित किया गया। फिलहाल अभी तक कोई संदिग्ध हरकत दिखाई नहीं दी है।

### मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नासिक में मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । तीन सप्ताह के भीतर मानव तस्करी व साइबर धोखाधड़ी मामले में यह छठी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार आरोपित का नाम सुदर्शन डाराडे है। एनआईए ने आज शुक्रवार 14 मई को यह जानकारी साझा की। एनआईए के मुताबिक इसके पहले इस मामले में पांच आरोपितों को पिछले माह 27 मई को गिरफ्तार किया था। एनआईए का आरोप है कि आरोपित डाराडे सीधे-सीधे मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी मामले में शामिल था। यह युवाओं को वैध तरीके से विदेशों में नौकरी का झूठे आश्वासन देकर फंसाता था। इसके साथ ही फर्जी काल सेंटरों में काम करने के लिए बाध्य करता था। 13 मई को एनआईए ने यह मामला स्थानीय थाने से अपने हाथ में ले लिया था और जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

### सीबीआई ने घूसखोरी के दो मामलों में तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने घूसखोरी आरोप में दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में नानपारा, बहराइच(उत्तर प्रदेश) के लेखा कार्यालय के डाक सहायक को गिरफ्तार किया है। दूसरे मामले में उत्तर रेलवे, लखनऊ स्थित आलमबाग स्टोर डिपो के मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक (सीडीएमएस) एवं आरपीएफ के एएसआई को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने तीनों आरोपितों को घूस की राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद तीनों आरोपितों आवासीय परिसरों की भी तलाशी ली। सीबीआई ने इसकी जानकारी आज शुक्रवार (14 जून) दी। सीबीआई इस मामले की गंभीरता से जांच में भी जुटी हुई है। पहले मामले में सीबीआई ने आरोपित डाक सहायक खिलाफ 12 जून को मामला दर्ज किया था। इसपर आरोप है कि आरोपित ने विभाग के अज्ञात वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सम्बन्ध होने के प्रभाव का उपयोग करके शिकायतकर्ता के विरुद्ध विभागीय मामले को निपटाने हेतु उससे 2 लाख रिश्वत की मांग की थी। 20 हजार रुपये अग्रिम राशि के तौर पर लेना स्वीकार कर लिया था। सीबीआई ने शिकायतकर्ता यह राशि रिश्वत के तौर पर लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दूसरे मामले में सीबीआई ने आरोपित आरपीएफ के एएसआई और मुख्य डिपो सामग्री अधीक्षक के खिलाफ13 जून को मामला दर्ज किया था।

### इटली में प्रधानमंत्री मोदी ने की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात



**नई दिल्ली।** जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने इटली पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बैठक से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने कई क्षेत्रों में जारी अपनी भागीदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि दोनों नेताओं ने इटली के अपुलिया में 50वें जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, कनेक्टिविटी, संस्कृति सहित साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

# कुवैत अग्नि त्रासदी में मारे गए 45 भारतीयों के शव भारत लाए गए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कुवैत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों के शव शुक्रवार को वायुसेना के एक विशेष विमान भारत लाए गए। विमान आज दोपहर कोच्चि पहुंचा, जहां केरल के मुख्यमंत्री पिन्नराई विजयन, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, केन्द्रीय मंत्री सुरेश गोपी और अन्य मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



मृतकों में केरल से 23, तमिलनाडु से 7, आंध्र प्रदेश से 3, उत्तर प्रदेश से 3, ओडिशा से 2 और बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से एक-एक हैं।

भारतीय दूतावास के अनुसार कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई थी, जहां भारतीय कामगारों का रिहायशी शिविर था। इसमें कम से कम 48 लोगों की मौत हुई। इमारत में रह रहे 176 भारतीय श्रमिकों में से 45 की मृत्यु हो गई और 33 अस्पताल में भर्ती हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह समन्वय के लिए कुवैत गए थे। उन्होंने वहां प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात के अलावा पांच अस्पतालों का दौरा भी किया, जहां 33 भारतीय उपचाराधीन हैं। मंत्री ने उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### केरल की स्वास्थ्य मंत्री ने कुवैत जाने की अनुमति नहीं मिलने को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शुक्रवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार ने कुवैत में हुई दुखद आग दुर्घटना में प्रभावित राज्य के लोगों की सहायता के लिए उन्हें खाड़ी देश की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आग की घटना में मारे गए मृतकों में आधे से ज्यादा केरल से थे। विभिन्न अस्पतालों में भर्ती ज्यादातर घायल लोग भी केरल से हैं। ऐसे में उन्हें विदेश मंत्रालय की ओर से कुवैत की यात्रा की अनुमति नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि केरल सरकार ने गुरुवार को एक आपातकालीन कैबिनेट बैठक कर वीना जॉर्ज और राज्य मिशन निदेशक (एनएचएम) जीवन बाबू को समन्वय के लिए तत्काल कुवैत जाने की घोषणा की थी।

पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और यूक्रेन के राष्ट्रपति से की वार्ता

# व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, 'मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बहुत बढ़िया मुलाकात हुई। एक साल में यह हमारी चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दर्शाता है कि हम भारत-फ्रांस के मजबूत संबंधों को कितनी प्राथमिकता देते हैं। हमारी बातचीत में रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, एआई, ब्लू इकॉनमी और कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। हमने इस बात पर भी चर्चा की कि युवाओं में नवाचार और



शोध को कैसे प्रोत्साहित किया जाए। मैंने उन्हें अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की मेजबानी के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'इटली में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने की बहुत गुंजाइश है। हमने रक्षा क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने के बारे में भी बात की।'

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत-यूक्रेन साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इटली के अपुलिया में 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और यूक्रेन की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

नीट–यूजी के परीक्षार्थियों को शिक्षा मंत्री का आश्वासन

## किसी भी परीक्षार्थी के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा : प्रधान

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2024 के परीक्षार्थियों को आश्वस्त करते हुए आज कहा कि किसी भी परीक्षार्थी के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि नीट परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी भी बच्चे के करियर के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। इस मामले से जुड़े तथ्य सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, सरकार उसे पूरा करेगी। नीट की काउन्सलिंग प्रक्रिया शुरू होने जा रही है और अब इस दिशा में भ्रमित हुए बिना आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

### डब्ल्यूएचओ ने हैदराबाद के राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा विरासत संस्थान को दी मान्यता

**नयी दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हैदराबाद के राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा विरासत संस्थान को पारंपरिक चिकित्सा में मौलिक और अनुसंधान के लिए सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि यह प्रतिष्ठित मान्यता तीन जून से शुरू होने वाली चार वर्ष की अवधि के लिए दी गई है। यह मान्यता प्राप्त करने वाला इस तरह का पहला राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा विरासत संस्थान केंद्र है। वर्ष 1956 में स्थापित यह संस्थान आयुर्वेद, योग प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा, होम्योपैथी, बायोमेडिसिन और अन्य संबंधित स्वास्थ्य सेवा विषयों में अग्रणी है।

## आईपीएल सटोरिये के यहां मिला 15 करोड़ कैश, रातभर हुई गिनती



एजेंसी

**उज्जैन।** उज्जैन पुलिस ने मुसद्दीपुरा में शुक्रवार को आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वालों के यहां बड़ी छापामार कार्यवाई की है। यहां से करीब करीब 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। यहां बैंक की नोट गिनने की मशीन रातभर लगी रही। इस पूरे मामले में तीन सटोरिये भी गिरफ्तार हुए हैं।

उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि पुलिस को गुरूवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि मुसद्दीपुरा के पीयूष चोपड़ा नामक सटोरिये के घर अकूत सम्पत्ति जमा की जा रही हैं। जिसके बाद नीलगंगा थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच को अलर्ट किया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से दोनों ने वहां छापेमारी की। यहां नोटों का अंबार देखकर पुलिस भी दंग रह गई और जानकारी मिलने के बाद इसी के एक और मकान कृष्णा पार्क में भी छापा मारा गया वहां पर भी नोटों का ढ़ेर मिलने के बाद पुलिस रातभर से नोट गिन रही भी कि बाद में बैंक से मशीन बुलाकर करीब 10 से अधिक बैगों में 300 गड्डीयां 15 करोड़ से अधिक के नोट गिने हैं। साथ ही 3.5 करोड़ की विदेशी मुद्रा और सोने के बिस्कुट भी बरामद किए गए हैं। घटना के बाद आरोपितों के मकानों पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया है। किसी को भी बाहर और अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में पीयूष चोपड़ा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। पीयूष चोपड़ा अभी फरार हो गया है। जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है।

# शिखर बैंक घोटाला मामले में अजित पवार को क्लीन चिट देने पर अन्ना ने कोर्ट में चुनौती दी

एजेंसी

**मुंबई।** शिखर बैंक घोटाला मामले में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मुश्किलें बढ़ रही हैं। इस मामले में मुंबई पुलिस की ओर से क्लीन चिट देने को अन्ना हजारे ने सेशन कोर्ट में निषेध याचिका दाखिल करके चुनौती दी है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस याचिका पर सुनवाई 29 जून को होगी।





शिखर बैंक घोटाला मामले में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है, क्योंकि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने वित्तीय अपराध शाखा की दायर अतिरिक्त क्लोजर रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। कोर्ट ने उनकी आपत्ति स्वीकार कर ली है और विरोध याचिका दायर करने का समय दे दिया है। इस मामले की सुनवाई 29 जून को होगी।

शिखर बैंक ने 2005 से 2010 के बीच राज्य में सहकारी चीनी मिलों, सहकारी धागा मिलों, कारखानों और अन्य कंपनियों को 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक लोन बांटे थे। बाद में पता चला कि यह सभी लोन गलत तरीके से दिए गए थे। इस मामले की शिकायत अन्ना हजारे ने मुंबई पुलिस से की थी और पुलिस ने छानबीन की। इसके बाद पुलिस ने शिखर बैंक के निदेशक अजित पवार समेत 70 अन्य लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, लेकिन कुछ महीने पहले पुलिस की वित्तीय अपराध शाखा ने एक अतिरिक्त क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की थी। वित्तीय अपराध शाखा ने क्लोजर रिपोर्ट में कहा है कि लोन वितरण और चीनी कारखाने की बिक्री के संबंध में बैंक को किसी भी नुकसान का कोई सबूत नहीं मिला।

### एनआईए ने माओवादी ठिकानों की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ में माओवादियों के कई ठिकानों की तलाशी ली। यह छापेमारी 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोल पार्टी के काफिले पर सीपीआई (माओवादी) के नेतृत्व वाले आईईडी हमले के सिलसिले में की गई है। एनआईए की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई गुरूवार की है यह जानकारी शुक्रवार साझा की गई। कार्रवाई के दौरान एनआईए की टीम ने कई मोबाइल फोन और 2.98 लाख रुपये नकद बरामद भी किया। मामले में अपनी जांच के तहत एनआईए की टीम ने छत्तीसगढ़ के गांव बड़ेगोबरा, पीएस मैनपुर, जिला गरियाबंद के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में छह संदिग्धों के परिसरों की व्यापक तलाशी ली। इस दौरान प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के मैनपुर-नुआपाड़ा डिवीजन के ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) व समर्थकों के रूप में काम करने वाले संदिग्धों के परिसरों की भी तलाशी ली।

### वक्फ बोर्ड को फंड देने के फैसले से विहिप नाराज

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार की ओर से वक्फ बोर्ड को दस करोड़ का फंड दिए जाने के फैसले पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कड़ी नाराजगी जताई है। विहिप के महाराष्ट्र-गोवा प्रांत के महासचिव गोविंद शेंडे ने कहा कि इस संबंध में विहिप नेता जल्द ही राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। अगर फिर भी बात नहीं बनी तो विहिप सड़कों पर उतरकर राज्य सरकार के विरोध में आंदोलन करेगा। विहिप नेता गोविंद शेंडे ने कहा, 'राज्य सरकार का यह फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और अगर हिंदुत्व की विरासत को आगे बढ़ाने वाली सरकार इस तरह की कार्रवाई करने जा रही है, तो जनता के सामने सवाल खड़ा होता है कि क्या उन्हें हिंदुत्व का उत्तराधिकारी कहा जाना चाहिए या नहीं।' शेंडे ने यह भी कहा, 'सरकार में योजना कौन बनाता है। जो पार्टी सत्ता में होती है वह योजना बनाती है, तो वक्फ बोर्ड को पैसे देने की क्या जरूरत है जिसके पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है?'

पूर्वी नौसेना कमान के दौरे पर गए रक्षा मंत्री आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए

# राजनाथ ने की पूर्वी बेड़े की तैयारी की समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एनडीए सरकार में लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली यात्रा पर विशाखापट्टनम पहुंचे और पूर्वी नौसेना कमान का दौरा किया। भारतीय नौसेना की परिचालन समीक्षा करने के लिए वह 'समुद्र में एक दिन' के लिए आईएनएस जलाश्व पर सवार हुए। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के साथ रक्षा मंत्री ने कमान के विभिन्न जहाजों, पनडुब्बी और विमानों को देखा। पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने रक्षा मंत्री को भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता के बारे में जानकारी दी।

पूर्वी बेड़े के अधिकारियों और नौसैनिकों के साथ बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने



हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में पहली प्रतिक्रिया देने वाले देश के रूप में उभरने के लिए भारतीय नौसेना की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी दूसरे देश को दबा न सके या आर्थिक ताकत या सैन्य शक्ति के आधार पर उसकी सामरिक स्वायत्तता को खतरे में न डाले। रक्षा मंत्री ने देश के विकास और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने के लिए भारतीय नौसेना को श्रेय दिया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित कर रही है। भारत अपनी बढ़ती शक्ति के साथ इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरे विश्व को शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि भारत के वाणिज्यिक हित हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और नौसेना व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करते हुए समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोपरि है और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनके दूसरे कार्यकाल में समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने तथा हिंद महासागर में भारत की नौसैनिक शक्ति की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम दूसरे कार्यकाल में भी अपने प्रयासों को गति देंगे। चाहे हिमालय हो या हिंद महासागर, हमारी प्राथमिकता सीमाओं पर सुरक्षा को लगातार मजबूत करना होगी।

दतिया में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पुल से गिरी

# पांच श्रद्धालुओं की मौत, 35 घायल

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में माता रतनगढ़ के भक्तों के लिए शुक्रवार का दिन दर्दनाक साबित हुआ है। राज्य के दतिया जिले में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली पुल पर अनियंत्रित होकर पलटते हुए नीचे गिर गई। इस हादसे में मौके पर ही पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 35 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। मृतकों में महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं।

यह हादसा दूसरडा थाना क्षेत्र के गांव जोरा मैथाना पाली के पास हुआ। ट्रैक्टर की अचानक स्टेरिंग फेल हो जाने से यह हादसा हुआ। घटना तड़के चार से पांच बजे के बीच की है। सभी ग्रामीण रतनगढ़ मंदिर में जवारे



चढ़ाने के लिए जा रहे थे। इस दर्दनाक हादसे में सोनम (15) पुत्री चंदन अहिरवार, क्रांति (17) पुत्री नवल किशोर केवट, सीमा (35) पत्नी नवल किशोर, कामिनी (19) पुत्री नवल किशोर एवं फिलहाल एक नाम की पुष्टि नहीं हो सकी है कि जान चली गई है।

घायलों में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कइयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना के बाद प्रभारी कलेक्टर कमलेश भार्गव और एसपी वीरेन्द्र मिश्रा मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस के जरिये सभी घायलों को दतिया जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग जोन प्रथम जयपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सीएम राज माथुर कर रहे सेवानिवृत्ति का इंतज़ार

## संवेदकों के रजिस्ट्रेशन पुनर्विलोकन में भारी धाँधली !

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 14 जून।** सार्वजनिक निर्माण विभाग जोन प्रथम जयपुर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सीएम राज माथुर अपनी सेवानिवृत्ति नज़दीक आने के कारण सभी कार्यों से बेरुख़ी दिखा रहे हैं जयपुर सिटी डिवीज़न में हो रहे किसी भी कार्य में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है उनसे हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उनकी सेवानिवृत्ति नज़दीक है अतः किसी भी प्रकार का दबाव उन पर नहीं है यदि ज़्यादा कोई दिक़्क़त आयी तो छुट्टी लेकर घर बैठ जाएंगे !

उनकी इसी प्रवृति को देखते हुए उनके अधीन होने वाले संवेदकों के रजिस्ट्रेशन पुनर्विलोंकन में भारी धाँधली हो रही है,

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संवेदकों के रजिस्ट्रेशन पुनर्विलोंकन में अधिकारी नियमों की आड़ में मनमज़ी से रजिस्ट्रेशन रिव्यू कर रहे हैं !

साथ ही माथुर के सेवानिवृत्ति इंतज़ार और कार्यों की बेरुख़ी से साइटों पर दौरा न करने के कारण ठेकेदार मनमज़ी से अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं मिली जानकारी के अनुसार माथुर के अधीन सड़कों का कार्य भी आता है,अतः वे सड़कों के अलावा दूसरे कार्यों में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं !

जबकि मुख्यमंत्री और विभाग की मंत्री ,उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के बंगलों का कार्य भी इन्हीं के अधीन आता है लेकिन माथुर साइट पर दौरा करना उचित नहीं समझते और अपने शानदार एयरकंडीशंड ऑफ़िसि में बैठकर ही कार्यों को अंजाम देते नज़र आते हैं!

माथुर के कार्यों की बेरूखी के कारण निचले स्तर के अधिकारियों की पौबारह हो रही है वे अपने हिसाब से कार्यों को अंजाम दे रहे हैं अब इसमें माथुर की कितनी मौन सहमति है इसका ख़ुलासा बाक़ी है!

ऐसे अधिकारी जिन्ह कार्यों के प्रति कोई लगाव न हो उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने में ही सरकार और जनता दोनों का फ़ायदा है !




## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश के पत्थर उद्योग को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान– इंडिया स्टोनमार्ट-2026 के आयोजन के लिए सीडॉस एवं लघु उद्योग भारती के मध्य एमओयू



**चमकता राजस्थान। जयपुर, 14 जून।** इंडिया स्टोनमार्ट के 5 फरवरी, 2026 से प्रस्तावित 13 वें संस्करण के आयोजन के लिए शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सीडॉस एवं लघु उद्योग भारती के मध्य समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस एमओयू से इंडिया स्टोन मार्ट-2026 के आयोजन को नए आयाम मिलेंगे और प्रदेश के पत्थर उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि इससे वैश्विक स्तर पर भी राजस्थान के पत्थर एवं इससे जुड़े अन्य उद्योगों के विकास की राह प्रशस्त होगी। उन्होंने कहा कि लघु भारती उद्योग पहली बार सह आयोजक के रूप में इंडिया स्टोन मार्ट से जुड़ने जा रहा है, संगठन के सदस्यों की ऊर्जा से इंडिया स्टोन मार्ट निश्चित ही नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री श्री के.के.बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को सफल बनाने की राह में इंडिया स्टोन मार्ट-2026 पत्थर एवं इससे जुड़े उद्योगों के क्षेत्र में प्रदेश की दशा और दिशा बदलने में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट के आगामी आयोजन में नवाचार के साथ ही कौशल विकास को बढाने का भी पूरा प्रयास रहेगा।

लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चन्द्र ने कहा कि प्रदेश में खनिज एवं पत्थरों का विपुल भंडार है। यहां के पत्थर एवं कारीगर देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया स्टोन मार्ट जैसे भव्य आयोजनों से उद्यमियों एवं निवेशकों को अपने व्यापार विस्तार का बेहतर अवसर मिल पाता है।

इस अवसर पर रीको के अध्यक्ष श्री अजिताभ शर्मा एवं प्रबंध निदेशक श्री शिवप्रकाश नकाते, सीडॉस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मुकुल रस्तोगी, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पत्थर उद्योग को वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑ×फ स्टोंस (सीडॉस) के माध्यम से द्विवार्षिक रूप से इंडिया स्टोनमार्ट का आयोजन किया जाता है।

# आवासन मंडल जारी करेगा सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के समस्त पदों के लिए संशोधित विचारित सूची

## आवासन आयुक्त ने सी-डैक के साथ बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

- भर्ती नियमों की पूर्ण पालना हेतु विचारित सूची की गई प्रत्याहारित
- नियमों में शिथिलता के साथ युवाओं को तोहफा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 14 जून।** रोजगार कि प्रतीक्षा कर रहे युवाओं के लिए राजस्थान आवासन मंडल की ओर से खुशखबरी है। मंडल की ओर से सी-डेक द्वारा आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा की संशोधित विचारित सूची जल्द ही जारी की जाएगी।

राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से प्रदेश में जारी परियोजनाओं के तहत समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण करने, जनहित से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने, आमजन के आशियाने का सपना साकार करने, मंडल में कार्मिकों की कमी को दूर करने एवं बेरोजगार युवाओं को राजकीय सेवा में अवसर देने हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। जिसके तहत कम्प्यूटर ऑपरेटर (सहायक प्रोग्रामर), डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (सूचना सहायक), परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (सिविल), परियोजना अभियन्ता (कनिष्ठ) (विद्युत), वरिष्ठ प्रारूपकार, कनिष्ठ प्रारूपकार, विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी), कनिष्ठ लेखाकार, कनिष्ठ सहायक के पदों की भर्ती कम्प्यूटर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया गया। भर्ती प्रक्रिया के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के परिपेक्षय में शुक्रवार को आवासन आयुक्त द्वारा भर्ती समिति व भर्ती एजेन्सी सी-डेक केर साथ बैठककर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने तथा सी-डेक को परीक्षा परिणाम को शीघ्र जारी करने के दिशा निर्देश दिये।




### समयबद्धता और निष्पक्षता का रखा जाए पूरा ध्यान

» श्री सिंह ने उन्हें समयबद्धता और ट्रांसपेरेंसी के साथ परीक्षाओं को सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रश्न पत्र उत्तर कुंजी का वेब पोर्टल पर प्रकाशन कर ऑनलाइन आपत्ति प्राप्त करने, इन आपत्तियों पर एक्सपर्ट कमेटी के निर्णय अनुसार रिस्पांस शीट का मूल्यांकन का भर्ती विज्ञप्ति के अनुसार श्रेणीवार मेरिट तैयार कर पदों की संख्या का 3 गुना का विवरण सूची का प्रकाशन करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कनिष्ठ सहायक और सूचना सहायक के पार्ट द्वितीय परीक्षा यानी टंकण गति परीक्षा का आयोजन करने के साथ ऑनलाइन दस्तावेजों सत्यापन के भी निर्देश दिए।

### किन्हें मिलेगी शिथिलता?

होंने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों के लिये कार्मिक विभाग की जारी अधिसूचना दिनांक 17 अप्रैल 2018 एवं 01 अगस्त 2021 के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिये न्यूनतम अर्हक उत्तीर्णाक या कुल अंक जहां कही भी निहित किये गये हो में 5 प्रतिशत की शिथिलता प्रदान की जावेगी। उक्त 5 प्रतिशत की शिथिलता प्रदान किये जाने के उपरान्त भी योग्य अभ्यार्थी नहीं मिलने की स्थिति में अतिरिक्त 5 प्रतिशत की शिथिलता प्रदान की जावेगी। श्री सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को न्यूनतम अर्हक उत्तीर्णाक में 5 प्रतिशत की शिथिलता प्रदान की जावेगी। उक्त सभी पदो के लिये स्क्रीनिंग परीक्षा में समग्र 40 प्रतिशत न्यूनतम अर्हक उत्तीर्णांक आवश्यक है, परन्तु कनिष्ठ सहायक के लिए पार्ट प्रथम के सेक्शन ए एवं बी के लिये पृथक-पृथक न्यूनतम अर्हक उत्तीर्णांक 40 प्रतिशत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार नियम-2018 एवं संशोधित नियम-2021 के अनुसार दिव्यांगजन अभ्यार्थियों को न्यूनतम अर्हक उत्तीर्णांक या कुल अंक जहा कहीं भी निहित किये गये हो को 5 प्रतिशत का शिथिलन प्रदान किया जाएगा।

## गुरुवार रात डेढ़ बजे की घटना, 2 आरोपी हिरासत में

- सामूहिक दुष्कर्म से आहत युवती ने डीजल डालकर आग लगाई, मौत

**चमकता राजस्थान। बूढ़ादीत (कोटा)** बूढ़ादीत थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म से आहत युवती ने आत्मदाह कर लिया। गुरुवार देर रात गांव के ही दो युवक लोकेश और अंकित युवती को उठा ले गए और दुष्कर्म किया। इसी दौरान युवती के परिजन मौके पर पहुंच गए और आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि टाकरवाड़ा गांव में अंकित गोचर व चचेरा भाई लोकेश गोचर युवती को घर से जबरन उठा ले गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर युवती के पिता की नींद खुल गई। युवती के परिजनों ने आरोपी अंकित व लोकेश को पकड़ा तो आरोपियों ने अपने परिजनों को बुला लिया। मौके पर पहुंचे आरोपी अंकित के पिता गिरिराज, लोकेश के पिता बनवारी और उसके भाई जितेंद्र ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच युवती ने खुद को कमरे में बंद कर वहां रखा डीजल खुद पर डालकर आग लगा ली। डीएसपी शिवम जोशी ने बताया कि अंकित गोचर व लोकेश गोचर पर अपहरण-ज्यादती का मामला दर्ज किया है।

## रिलायंस जियो को मिला अंतरराष्ट्रीय 'सीडीपी क्लाइमेट' अवार्ड

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने वर्ष 2022-23 के लिए प्रतिष्ठित 'सीडीपी क्लाइमेट' अवार्ड हासिल किया है। कार्बन डिसक्लोजर प्रोजेक्ट (सीडीपी) ने जियो को जलवायु परिवर्तन को थामने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने के प्रयासों के लिए ए रेटिंग दी है। 2019 के बाद यह पहला मौका है जब जियो को यह सम्मान मिला है। भारतीय दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल को बी रेटिंग दी गई है। सीडीपी ए रेटिंग उन्हीं कंपनियों को देती है जो पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी होती हैं। जियो के प्रवक्ता ने कहा, ''हमें गर्व है कि जलवायु परिवर्तन से जुड़ा दुनिया का सबसे बड़ा अवार्ड हम जीत पाए। कार्बन फुटप्रिंट कम करने में रिलायंस जियो की लीडरशिप के विजन और प्रतिबद्धता ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।''इसके अतिरिक्त, जियो को ₹सीडीपी सप्लायर एंगेजमेंटर₹ में भी ए रेटिंग मिली है। सीडीपी ने बताया कि ए रेटिंग पाने वाली कंपनियां जलवायु परिवर्तन के प्रति सबसे जागरूक और पारदर्शी होती हैं। यह रेटिंग पर्यावरण मानकों पर आधारित होती है, जिससे कंपनियों के बीच तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है।

CDP
DISCLOSURE INSIGHT ACTION
A LIST
2023
CLIMATE

# भाजपा प्रदेश कार्यालय की जनसुनवाई में आने वाले परिवादों के निस्तारण के लिए सीएम गंभीर, जल्द नियुक्त होगा विशेषाधिकारी: जितेंद्र गोठवाल

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 14 जून।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई के दूसरे दिन भी कांग्रेस नेताओं द्वारा बनाए गए फर्जी पट्टों की शिकायतें भाजपा पदाधिकारियों को मिली। जनसुनवाई में भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा और प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत मौजूद रहे। भाजपा के महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि आमजन की समस्याओं के हालात यह है कि कहीं किसी परिवादी का फर्जी पट्टा बन गया तो कहीं जेडीए के अधिकारी परिवादी को चक्कर कटवा रहे हैं। इतना ही नहीं, भाजपा कार्यालय में न्याय की उम्मीद लेकर पहुंचे आमजन पुलिस प्रशासन से भी परेशान नजर आए। कहीं किसी परिवादी की कांग्रेस राज में हुई एफआईआर पर कार्रवाई नहीं की जा रही थी, तो कहीं किसी परिवादी की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में सुनवाई नहीं हो रही थी। ऐसे में भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुरू जनसुनवाई से आमजन को न्याय की आस जगी है। कुछ परिवादी तो मुख्यमंत्री निवास पर जाकर भी परिवाद देकर आ रहे है और कार्रवाई के बाद भाजपा के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जता रहे है। जनसुनवाई के दौरान

भाजपा के महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि जनसुनवाई के दूसरे दिन लगभग 200 से अधिक परिवाद आए है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार इन परिवाद पर कार्यवाही करते हुए परिवादी को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आने वाले परिवादी की समस्या को सुनने के बाद संबंधित अधिकारी को मामले से अवगत कराते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। भाजपा का लक्ष्य और ध्येय अंत्योदय है ऐसे में परिवादियों को निश्चित तौर पर राहत मिलेगी। भाजपा की जनसुनवाई में आने वाले सभी परिवादों को संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा और इन पर उचित एवं न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी। आमजन के परिवाद पर 15 दिन से 30 दिन के भीतर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी और कार्रवाई के बाद संबंधित को सूचित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा भाजपा कार्यालय में आने वाले परिवादों के निस्तारण के लिए विशेषाधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। इनके द्वारा परिवादों की मॉनिटरिंग की जाएगी।

भाजपा के महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने जनसुनवाई के दौरान भीड़ में एक निःशक्तजन को देखकर मानवता का परिचय देते हुए स्वयं बाहर आए और उनसे बातचीत कर उनकी समस्या जानी। गोठवाल ने रेनवाल के लूनियावास निवासी श्री बालाजी गौशाला सेवा समिति के कोषाध्यक्ष निःशक्तजन सीताराम से उनकी समस्या पर मौके पर ही समाधान करते हुए किशनगढ रेनवाल पुलिस थानाधिकारी को फोन किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीताराम ने बताया कि गौशाला के नाम से कुछ लोगों ने फर्जीवाडा कर लाखों रूपए का घोटाला किया है। इस मामले में 4 लोगों के खिलाफ नामजन रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करवाई थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929